वूमेन एक्सप्रेस

www.womenexpress.in

Email: thewomenexpress@gmail.com

Women Express tv

● वर्ष 8 ● अंक 241 ● हिन्दी दैनिक ● नई दिल्ली शनिवार 21 नवंबर 2020 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 1 रूपया ● डाक पंजीयन DL (E)-20/5448/2017-19

26/11 की बरसी पर तबाही मचाना चाहते थे आतंकी

हमारी सेनाओं ने फिर से अदम्य साहस, सुरक्षाबलों की बहादुरी पड़ी भारी, बहादुरी और पेशेवर रूख का प्रदर्शन किया

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । जम्मू कश्मीर के नगरोटा में गुरुवार को हुई आतंकी मुठभेड़ के पीछे मुंबई जैसे आतंकी हमले की साजिश का पर्दाफाश हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों को जांच में पता चला है कि मारे गए आतंकवादियों को मुंबई हमले की बरसी पर वैसे ही बड़े हमले को अंजाम देने के लिए भेजा गया था। इस संबंध में शुक्रवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक भी हुई है। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी शामिल थे। वहीं, बैठक के बाद पीएम मोदी द्वारा ट्वीट करते हुए पाकिस्तान पर हमला किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैशए मोहम्मद से जुड़े 4 आतंकवादियों का मार गिराया जाना और उनके पास बड़ी मात्रा में हथियारों व विस्फोटकों की मौजूदगी का होना यह संकेत देता है कि वे बहुत बड़े हमले की तलाश में थे, लेकिन उनके प्रयासों को एक बार फिर से विफल कर दिया गया है।

पीएम द्वारा एक अन्य ट्वीट में कहा गया, हमारे सुरक्षा बलों ने एक बार फिर अत्यंत बहादुरी औरप्रोफेशनलिज्म का परिचय दिया है। उनकी सतर्कता के कारण, उन्होंने जम्मूकश्मीर में जमीनी स्तर के लोकतांत्रिक प्रयासों को लक्षित करने के लिए एक नापाक साजिश को हराया है। बीते दिन नगरोटा एनकाउंटर में मारे गए आतंकवादी एक बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने के फिराक में थे। यह बात नगरोटा आतंकी हमले को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई एक अहम बैठक में सामने आई। समाचार एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले पीएम मोदी की बैठक से अहम जानकारी साझा की कि नगरोटा एनकाउंटर में मारे गए आतंकवादी 26/11 के आतंकी हमले की बरसी पर एक बड़े हमले की फिराक में थे। हालांकि, भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा चारों का सफाया कर

दिया गया।

जम्मू कश्मीर में गुरुवार को हाईवे के रास्ते आतंकियों की घुसपैठक की साजिश को नाकाम किया गया। जम्मू कश्मीर के सांबा सेक्टर से पाकिस्तान के रास्ते घुसपैठ कर ट्रक में छिपकर आने की कोशिश में लश्करएतैयबा के चार आतंकियों को सुरक्षाबलों ने नगरोटा के बन टोल प्लाजा के पास मार गिराया। ये सभी आतंकी जिस ट्रक में छिपकर श्रीनगर के रास्ते पर जा रहे थे, सुरक्षाबलों ने उस पूरे ट्रक को बम से उड़ा दिया। नगरोटा हाईवे पर गाड़ियों की आवाजाही को राक दिया गया है और जम्मूश्रीनगर हाईवे पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बन टोल प्लाजा के आसपास के इलाकों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। नगरोटा एनकाउंटर को लेकर कई खुलासे किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, जिस ट्रक में आतंकियों को छिपाकर कश्मीर ले जाया जा रहा था उसके अंदर एक स्पेशल केबिन बनाया गया था, जिसमें बिस्तर और कंबल भी रखे गए थे। इस ट्रक में खाद और सीमेंट की बोरियां रखी हुई थी। उन्हीं के बीच एक केबिन बना था, जहां आतंकियों को छिपारकर लाया गया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की कोविड टीका रणनीति की समीक्षा की

नयी दिल्ली, 20 नवंबर । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत की कोविड-19 टीका संबंधी रणनीति की समीक्षा के लिए बैठक की जिसमें कोरोना वायरस के लिए टीके को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए तकनीकी प्लेटफॉर्म और जनसंख्या समूहों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। मोदी ने ट्वीट किया कि बैठक में टीका विकास की प्रगति, नियामक मंजूरियों और खरीद से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी। उन्होंने कहा, ''जनसंख्या समूहों को प्राथमिकता देना, स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ताओं तक पहुंच, शीत गृह ढांचे को मजबूत करना, टीके लगाने वाले लोगों की संख्या बढ़ाना और टीकों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए तकनीक प्लेटफॉर्म जैसे अनेक मुद्दों की समीक्षा की गयी।'' कोविड-19 के अनेक संभावित टीकों के विकास का काम अग्रिम चरणों में है।

दिल्ली की तर्ज पर NCR के निजी अस्पतालों का सर्वे करें हरियाणा और यूपी सरकार

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के तहत आने वाले जिलों में राजधानी दिल्ली की तर्ज पर निजी अस्पतालों में सर्वे कराने को कहा है।

दिल्ली में कोरोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गत 15 नवंबर को एक उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली के सभी निजी अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के इलाज की सुविधाओं का आकलन करने के लिए कहा था। इन अस्पतालों का दौरा करने वाली टीमों ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट स्वास्थ्य महानिदेशालय को सौंप दी।

गृहमंत्री के निर्देश के बाद पिछले तीन दिनों में दिल्ली के अस्पतालों में 150 आईसीयू बेड बढ़ाएं गए हैं। केंद्रीय पुलिस बलों के अस्पतालों से दिल्ली बुलाए गए 75 डॉक्टरों और 251 चिकित्सा कर्मियों ने गुरुवार से छतरपुर स्थित कोविड अस्पताल और शकूर बस्ती में बनाए गए रेलवे कोच अस्पताल में ड्यूटी जॉइन कर ली। दिल्ली सरकार ने विभिन्न अस्पतालों से रोगियों को इन दोनों कोविड देखभाल केंद्रों में रेफर करने के लिए कहा है। इसके साथ ही आरटी पीसीआर टेस्ट की संख्या को भी निरंतर बढ़ाया जा रहा है और इस महीने के अंत तक इस टेस्ट को 60,000 तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

दिल्ली में विकराल रूप धारण कर रहे कोरोना के मामलों के देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अब एक नया प्लान बनाया है। इस प्लान के तहत छतरपुर में स्थित सरदार पटेल कोविड केयर सेंटर में 500 आइसोलेशन बेड्स को ऑक्सीजन सुविधा वाले बेड में परिवर्तित करेगा। ये बेड्स सप्ताह के आखिर तक तैयार होने होने की उम्मीद है। गृह मंत्रालय ने कहा कि दिल्ली में कोरोना पर काबू पाने के लिए मोर्चा संभाल रहे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की दिल्ली की **COVID**19 स्थिति पर समीक्षा बैठक के बाद 18 नवंबर को 28,708 आरटीपीसीआर टेस्ट किए गए थे और नवंबर के अंत तक आरटीपीसीआर टेस्ट की क्षमता 60,000 प्रति दिन तक हो जाएगी।

छठ पूजा: श्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

नई दिल्ली, 20 नवम्बर। महापर्व छठ के मौके पर शुक्रवार शाम व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया। अब शनिवार सुबह उगते सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ छठ पर्व का चार दिनी अनुष्ठान संपन्न होगा। इसके बाद व्रतियां पारण कर ठेकुआ का प्रसाद बांटेंगी। दिल्ली में कोरोना काल में यमुना घाट और सार्वजनिक स्थल पर छठ पूजा की अनुमति न होने की वजह से लोगों ने अपने घर की छतों पर ही अर्घ्य दिया। पूजा के लिए लोगों ने प्लास्टिक के टब खरीदे हैं। व्रतधारियों ने टब में भरे पानी में खड़े होकर अर्घ्य दिया। कुछ घरों में प्लास्टिक के टब की जगह रबर वाले बड़े टब और ईंट से चारदीवारी बनाकर उस पर प्लास्टिक की पन्नी लगाकर पानी से भर दिया गया है। घाट की तर्ज पर छठ पूजा के लिए घरों में वेदी भी बनाई गई है। पूर्वांचल विकास संगठन छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने बताया कि इस बार यमुना घाट पर पूजा का आयोजन नहीं कर रहे हैं।

यूपी के प्रतापगढ़ में कार और ट्रक की भीषण टक्कर, 6 बच्चों समेत 14 की मौत

(विशेष संवाददाता)

प्रतापगढ़ । उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में कई लोगों की मौत हो गई है। प्रतापगढ़ में शादी समारोह में वापस लौट रही एक एसयूवी और ट्रक के बीच टक्कर में 14 लोगों की जान चली गई है। मृतकों में 6 बच्चे भी शामिल हैं। यह हादसा गुरुवार को करीब 11 बजकर 45 मिनट पर प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर देशराज इनारा गांव के पास हुआ। इसमें एसयूवी में सवार सभी लोगों की मौत की खबर है। साथ ही कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना की तस्वीरों को देखकर पता चलता है कि महिंद्र बोलेरो कार ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मारी। देखा जा सकता है कि गाड़ी का आगे का हिस्सा ट्रक के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंसा हुआ है। प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने कहा कि पंचर होने की वजह से ट्रक सड़क के एक ओर खड़ा था तभी एसयूवी ने पीछे से टक्कर मारी।पुलिस अधिकारियों ने ट्रक में फंसे कार के आधे हिस्से को बाद में बाहर निकाला। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी पीड़ित एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव गोंडा वापस जा रहे थे। पीड़ितों के परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि सड़क हादसे के तुरंत बाद पांच शवों को गाड़ी से बाहर निकाल लिया गया बाकी के शवों को ट्रक में फंसी कार को बाहर निकालने के बाद निकाला गया। दुर्घटना में मृत बच्चों की उम्र 7 से 15 वर्ष के बीच है जबकि अन्य आठ लोगों की उम्र की 20 से 60 वर्ष के बीच है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, ÷हमने पीड़ितों के परिवार और उनके गांवों के प्रधान से बात की है और हर संभव मदद का आश्वसान दिया है। सभी शवों को शुक्रवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। एसयूवी और ट्रक दोनों के मालियों से संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना में मारे के लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया और वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने और हर संभव मदद करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रतापगढ़ हादसे में मारे गए लोगों के परिवार को दोदो लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की भी घोषणा की गई है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल, PM ओली से मिलेंगे विदेश सचिव श्रृंगला

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला 26 नवंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात करेंगे। इस दौरान भारत और नेपाल अपने संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करेंगे। इससे जुड़े लोगों ने बताया है कि काठमांडू में राजनीतिक उथलपुथल के बावजूद विदेश सचिव की नेपाल यात्रा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एक शीर्ष राजनयिक ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया कि विदेश सचिव की यात्रा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। शीर्ष राजनयिक काठमांडू में राजनीतिक उथरपुथल के विदेश सचिव की यात्रा पर उठ रहे सवालों का जवाब दे रहे थे। क्योंकि ऐसी चर्चा थी कि शायद विदेश सचिव की यात्रा में परिवर्तन हो सकता है। बता दें कि नेपाल की ओर से दावा किए जाने वाले लिपुलेख क्षेत्र में 80 किमी की सीमा सड़क का विरोध करने के बाद दोनों पड़ोसियों के बीच यह पहली औपचारिक राजनयिक मुलाकात होगी। भारत के विरोध के बाद भी नेपाल ने एक नया नक्शा जारी किया था जिसमें उसने भारत द्वारा नियंत्रित कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा को नेपाल का हिस्सा बताया था। भारतीय विदेश सचिव की यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को और भी मजबूत बनाने में मदद मिलेगी और यह दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा बनाने पर ध्यान केंद्रित रहेगा। पीएम ओली के अलावा, श्रृंगला अपने समकक्ष भरत राज पौड्याल से मिलने वाले हैं, जिन्होंने पिछले महीने विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली और राष्ट्रपति बिध्या देवी भंडारी से मुलाकात की थी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीन को नसीहत

कहा-हिंद और प्रशांत महासागर में किसी एक दबदबा अस्वीकार्य

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । भारत इस समय चीन से कई मोर्चों पर लड़ रहा। जहां एक तरफ भारत सीमाओं पर चीन को करारा जवाब दे रहा है। वहीं प्रशांत और हिंद महासागर में चीन के दबाव को कम करने के लिए दुनिया के कई देशों को एकजुट करने में लगा है।

एक कार्यक्रम में विडियो कांफ्रेंसिग के जरिए विदेश मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हिन्द प्रशांत अतीत का नहीं बल्कि भविष्य का विषय है। साथ ही उन्होंने इशारोंइशारों में चीन पर निशाना भी साधा और कहा कि कुछ देशों के फायदे के लिए पूरे विश्व को रोकना सही नहीं है। हिंद प्रशांत और कोविड19 संकट विषय पर आयोजित सत्र में जयशंकर ने कहा, वभिन्न देशों के अलावा हाल में हमने जर्मनी, फ्रांस और नीदरलैंड को भी यह दृष्टिकोण अपनाते देखा है। समय की मांग है कि इसे व्यावहारिक आकार दिया जाए। यह क्वाड की तरह विविध स्तर पर राजनयिकों के बीच विचारविमर्श के जरिए हो सकता है। उन्होंने कहा, यह समुद्री सुरक्षा, समुद्री पारिस्थितिकी, समुद्री संसाधन, क्षमता निर्माण और संसाधन का बंटवारा, आपदा का जोखिम घटाने और प्रबंधन के सात स्तंभों पर आधारित है। विदेश मंत्री ने कहा, हिंदप्रशांत अवधारणा दबदबा बढ़ाने के दृष्टिकोण की अस्वीकार्य है। कुछ के फायदे के लिए विश्व को रोका नहीं जा सकता, भले ही यह संयुक्त राष्ट्र का मामला है। विदेश मंत्री का बयान ऐसे समय आया है जब इस क्षेत्र में चीन अपना विस्तार कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक जून 2018 को सिंगापुर में शांगरी ला वार्ता के अपने संबोधन में हिंदप्रशांत क्षेत्र के लिए भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया था। और कहा था हिंद प्रशांत को लेकर भारत का नजरिया समावेशी है और वह अंतरराष्ट्रीय समुद्र से गुजरने, नौवहन की आजादी के सबके अधिकार का सम्मान करता है।

कांग्रेस का नहीं बचा माई-बाप, देश को नहीं दे सकती कोई भविष्य: केजरीवाल

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार के बाद पार्टी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी के कई नेताओं की नाराजगी सामने आने के बाद, अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा है। केजरीवाल ने कहा है कि कांग्रेस देश को भविष्य नहीं दे सकती है। उसका कोई माईबाप तक नहीं बचा है।

उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस या बीजेपी किसी को भी वोट देती है, लेकिन सरकार बीजेपी की ही बनती है। कांग्रेस के विधायक बाद में अलग होकर बीजेपी में शामिल हो जाते हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हिन्दुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2020 में कहा, कांग्रेस पूरी तरह से ढहती जा रही है। चाहे वोट कांग्रेस को दो या फिर बीजेपी को, सरकार बीजेपी की ही बनती है। कांग्रेस के

विधायक बीजेपी में शामिल हो जाते हैं। कांग्रेस देश का भविष्य नहीं हो सकती है। वहीं, जब केजरीवाल से राष्ट्रीय राजनीति में आम आदमी पार्टी के रोल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह तो समय बताएगा कि हमारा रोल कैसा होगा। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी एक छोटी पार्टी है। संगठन के तौर पर हमारा ज्यादा विस्तार नहीं है, लेकिन दिल्ली के कामों ने पूरे देश के लोग इज्जत से आम आदमी पार्टी को देखते हैं। मुझे यह उम्मीद है कि देश के लोग विकल्प जरूर देंगे।

केजरीवाल के इस बयान से कुछ दिन पहले कई कांग्रेस के नेता अपनी ही पार्टी पर नाराजगी जता चुके हैं। हाल में बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात आदि जैसे राज्यों में हुए विधानसभा और उपचुनाव में कांग्रेस की बुरी तरह से हार हुई है। बीते कुछ वर्षों में कांग्रेस से कई दिग्गज नेता पार्टी का दामन छोड़कर बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। वहीं, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे राज्यों में पार्टी के कई विधायक कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में चले गए। मध्य प्रदेश के 2018 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद, इस साल मार्च में कांग्रेस के कई विधायकों ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद राज्य में सरकार गिर गई थी। वहीं, कई अन्य राज्यों में भी कांग्रेस के नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। दिवाली के मौके पर पूजा करने के सवाल पर कहा कि इससे अच्छी बात क्या हो सकती है।

दिल्ली में कोरोना के 6608 नए मामले 24 घंटे में 118 लोगों की हुई मौत

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । दिल्ली में कोरोना ने एक बार फिर से तांडव मचाना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना वायरस से स्थिति लगातार भयावह होती जा रही है और पिछले 24 घंटे में इस संक्रमण से 118 मरीजों की मौत हो गई है। दिल्ली में अगर कोरोना से कुल मौतों की बात करें तो यह आंकड़ा 8 हजार पार कर गया है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से दिल्ली में कोरोना केसों की संख्या में बड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। दिल्ली में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली में कोरोना के 6608 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही पिछले 24 घंटे में 118 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, 8775 मरीज इलाज के बाद स्वस्थ भी हुए हैं।

अब दिल्ली में 40 936 कोरोना के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि दिल्ली में अब कोरोना के पांच लाख 17 हजार 238 मरीज हो गए हैं। जिनमें चार लाख 68 हजार 143 लोग स्वस्थ भी हुए हैं। मृतकों की संख्या में 8159 हो गई है।

इसके साथ ही, कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने की दर घटकर 89.96 पर आ गयी है,जबकि सक्रिये मामलों की दर 9.03 है। स्वस्थ होने वालों की तुलना में संक्रमण के नये मामले अधिक होने से सक्रिय मामलों में वृद्धि हुयी और यह अब 43,221 हो गये हैं। बता दें कि कोरोना पर काबू कम करने के लिए दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक स्थलों पर छठ पूजा की भी अनुमति नहीं दी है। अब यह आदेश दिल्ली के सभी प्राइवेट अस्पतालों के ऊपर लागू किए जा रहा है कि दिल्ली के सभी प्राइवेट अस्पतालों के 80 प्रतिशत आईसीयू बेड कोरोना के लिए सुरक्षित किए जा रहे हैं। इससे हमें उम्मीद है कि करीब 300 से 400 और बेड प्राइवेट अस्पतालों के अंदर उपलब्ध हो जाएंगे। दिल्ली के अस्पतालों में जो कोविड के समान्य बेड हैं, वो अभी तक प्राइवेट अस्पतालों में 50 प्रतिशत कोविड के लिए सुरक्षित थे। अब कुछ दिनों के लिए इसे बढ़ा कर 60 प्रतिशत बेड कोरोना के लिए सुरक्षित किया जा रहा है।

एक नजर

विस्तारा ने दोहा के लिए शुरू की उड़ान सेवा

नई दिल्ली। विस्तारा ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारत और कतर के बीच हुए ट्रांसपोर्ट बबल समझौते के तहत दोहा से उड़ान सेवा शुरू कर दी है। एयरलाइन के अनुसार, उद्घाटन उड़ान गुरुवार को देर शाम दिल्ली से दोहा के लिए रवाना हुई। एयरलाइन कंपनी दिल्ली और दोहा के बीच सप्ताह में दो बार विशेष नॉन स्टॉप उड़ानों का संचालन करेगी।

विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लेस्ली थिंग ने कहा, दोहा हमारे नेटवर्क के लिए एक महत्वपूर्ण एडिशन है, इससे मध्यपूर्व में हमारी उपस्थिति मजबूत होगी और यह दुनिया में हमारे नेटवर्क को बड़ा करने में मदद करेगा। इसके अलावा विस्तारा ने कहा कि संबंधित सरकारी निकायों के द्वारा जारी किए गए वीजा या अन्य जरूरी दस्तावेजों वाले कस्टमर्स को यात्रा की सुविधा देगा।

पत्नी से अवैध संबंध के शक में फॉरमेन को फंसाने के लिए कर दी बेगुनाह की हत्या

नई दिल्ली। महेंद्रा पार्क इलाके में फैक्ट्री में साथ काम करने वाले फॉरमेन को फंसाने के लिए युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक रिक्शा चालक की हत्या कर दी और मौके पर फॉरमेन व तीन अन्य लोग के नाम व मोबाइन नंबर लिखकर फर्जी सुसाइड नोट भी छोड़ दिया। लेकिन पुलिस की जांच में सच्चाई सामने आ गई और मुख्य आरोपित युवक व उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्तर पश्चिम जिले की डीसीपी विजयंता आर्या ने बताया कि 17 नवंबर को सूचना मिली कि सराय पीपल थला इलाके में एक शख्स चैथी मंजिल से गिरकर घायल पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो घायल को कैट एंबुलेंस की मदद से बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शख्स को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस को मृतक के पास से एक कर्फ्यू पास मिला, जिससे उनकी पहचान गीता कालोनी के आलम (30) के रूप में हुई। ऐसे में पुलिस को मृतक के स्वजन को इसकी सूचना दी और मौके पर जांच छानबीन शुरू की गई तो मौके पर पुलिस को एक सुसाइड नोट मिले तथा छत पर खून के धब्बे मिले। इधर मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि पति पढ़े लिखे नहीं थे।

गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल तिलक विहार में वाईस चेयरपर्सन बनाये गये

नई दिल्ली । शिरोमणी अकाली दल के वरिष्ठ नेता दीदार सिंह खालसा एवं स्त्री अकाली दल दिल्ली इकाई की नेता बीबी परमजीत कौर तिलक नगर को गुरु हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल तिलक विहार में वाईस चेयरपर्सन की जिम्मेवारी सौंपी गई। स्त्री अकाली दल दिल्ली इकाई की अध्यक्षा एवं दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्षा बीबी रणजीत कौर द्वारा विषेष तौर पर पहुंचकर दोनों नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर अकाली दल के वरिष्ठ नेता सतपाल सिंह चन्न, परमजीत कौर गुडडी, गुरमीत कौर सुभाष नगर, दविन्द्र कौर छाबड़ा एवं स्कूल की प्रिंसीपल कुलविन्दर कौर भी मौजूद रहे। नव नियुक्ति वाईस चेयरपर्सन द्वारा उन्हें सेवा दिये जाने के लिए दिल्ली कमेटी अध्यक्ष मनजिन्दर सिंह सिरसा, महासिचव हरमीत सिंह कालका का आभार प्रकट किया गया और खास तौर पर आभार प्रकट किया बीबी रणजीत कौर का जिन्होंने उन्हें इस काबिल समझा और दिल्ली कमेटी के विधयक संस्थान में महत्वपूर्ण जिम्मेवारी उन्हें दी उनकी पूरी कोशिश होगी कि अपनी जिम्मेवारी को बाखूबी निभायें। स्कूल में बच्चों की गिनती बढ़ाने पर खास जौर दिया जाना चाहिए और साथ ही उन्होंने स्कूल प्रबन्धन, प्रिसीपल एवं अन्य स्टाफ को पूर्ण सहयोग देने की बात भी कही।

न्यूयार्क जैसी डरावनी स्थिति दिल्ली में नहीं: केजरीवाल

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली, 20 नवंबर। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कोरोना के बढ़ते मामले पर कहा न्यूयार्क जैसी डरावनी स्थिति दिल्ली दिल्ली में नहीं होगी।

हमारे पास पर्याप्त संख्या में बेड और डाक्टर उपल्ब्ध हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हिन्दुस्तान लीडरशिप समिट को सम्बोधित करते हुए ये बातें कही। वैश्विक महामारी कोविड19 की चुनौतियों के बीच इस साल 18वीं लीडरशिप समिट वर्चुअल तरीके से 19 नवंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित हो रही है। आज (20 नवंबर) एचटी लीडरशिप समिट का दूसरा दिन है। आज दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने संबोधित किया।

सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल कहा, दिल्ली में अबतक कोरोना की तीन लहर आ चुकी है। पहली लहर 3 जून को,

दूसरी लहर 16 सितंबर को और तीसरी लहर 11 नवंबर को आई है। इसके बावजूद दिल्ली की स्थिति न्यूयार्क जैसी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा न्यूयार्क में 6 अप्रैल को कोरोना के सबसे ज्यादा 6,353 मामले सामने आए थे और उस दिन 575 लोगों की मौत हुई थी। लेकिन 13 नवंबर को दिल्ली में न्यूयार्क के मुकाबले 2000 हजार ज्यादा मामले थे लेकिन सिर्फ 99 लोगों की ही मौत हुई जोकि दुखद है। लेकिन उनकी तुलना में हमारी स्थिति बहुत बेहतर और नियंत्रण में है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा दिल्ली में इस समय 7,500 बेड खाली हैं। आने वाले कुछ दिनों में हम डेढ़ हजार बेड और बढ़ाने जा रहें है इसलिए इससे घबराने की जरुरत नहीं है। लेकिन लोगों को सावधान रहने की जरुरत है। तीसरी लहर पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदूषण के कारण स्थिति और खराब हुई है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा, हमारे लिए होम आइसोलेशन बहुत मददगार रहा। अगर हम होम आइसोलेशन शुरुआत नहीं करते तो इतने लोगों को हम बेड उपलब्ध नहीं करवा पाते। हमारे डाक्टर होम आइसोलेशन के मरीजों से दिन में दो बार बात करके उनकी स्थिति पर नजर रखते हैं। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जब हमने देखा लोगों को अस्पतालों में खाली बेड के लिए इधरउधर भागना पड़ रहा है। तब हमारे दिमाग में एप का विचार आया। जहां दिल्ली के सभी अस्पतालों की जानकारी थी। जिससे मरीजों की भागदौड़ कम हुई। आने वाले दिनों में हम दिल्ली के मोहल्ला क्लिनिक से लेकर बड़े अस्पतालों को एक क्लाउड पर ला रहें है। जिससे लोगों को सुविधा हो। साथ ही अगले एक साल में दिल्ली के लोगों ई कार्ड जारी कर देंगे। जिसमें उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी उपलब्ध होगी। हिन्दुस्तान लीडरशिप समिट में बोलते हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली के सभी स्वास्थ्य कर्मियों का आभार प्रकट किया। और कहा उनके ही कारण दिल्ली की स्थिति नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री ने केन्द्र सरकार और **NGO** से जुड़े लोगों को भी शुक्रिया कहा।

दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी की छवि को धूमिल करने से गुरेज किया जाए: परविंदर सिंह

नई दिल्ली, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के मौजूदा प्रबंधकों द्वारा मानवता की जो सेवा बीते समय में की गई उससे संसार भर में केवल सिख ही नहीं बल्कि गैर सिखों द्वारा भी प्रशंसा की गई पर शायद कुछ लोगों से यह बर्दाशत नहीं हो रहा जिससे उनके द्वारा कमेटी की छवि को धूमिल करने की तुच्छ हरकतें की जा रही हैं यह कहना है शिरोमणि अकाली दल के दिल्ली इकाई के मुख्य प्रवक्ता परविंदर सिंह सेठी का।

स. सेठी का कहना है पहली बात सभी विरोधी दलों को समझ लेनी चाहिए कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एक धार्मिक संस्था है और संगत द्वारा केवल सदस्यों को गुरुधामों एव संस्थानों की सेवा संभाल के लिए चुना जाता है इसलिए धार्मिक मर्यादा और परंपराओं का अपमान करते हुए राजनीति ना की जाए। स. सेठी ने कहा कि कोरोना काल में जहां सरकारें फेल हो गईं पर गुरु नानक के सिखों दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी प्रबंधकों ने अपनी जान की परवाह किया बगैर मानवता की सच्ची सेवा की।

उन्होंने कहा कि कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जी.के ने अपने साथियों के साथ मिलकर गुरु की गोलक को भरपूर लूटा और कांग्रेस का दामन थामे सरना बंधूओं ने जिन्होंने कमेटी की जायदादों को बेचने से भी गुरेज नहीं किया दोनों के कारण कमेटी की छवि को नुकसान पहुंचा पर जब से स. सिरसा व स. कालका की जोड़ी ने कमेटी की सेवा संभाली उससे संसार भर में सिखों का नाम रौशन हुआ पर अब अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए कमेटी की छवि को बट्टा लगा रहे हैं।

छठ पूजा का महापर्व दिल्ली में खराब करने के बाद अपने एमएलए से झूठ परोस रहे हैं केजरीवाल

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली, 20 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने केजरीवाल पर छठ पूजा का अपमान करने एवं लाखों आस्थावान श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने आरोप लगाया है।

उनका कहना है कि छठ पूजा पर प्रतिबंध लगाने से जब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नहीं भरा तो उन्होंने पूरे व्रत के माहौल को ही दूषित करने का प्रयास किया है क्योंकि उनके इस घृणित कार्य को बखूबी मैंने जनता के सामने रखा और पूर्वांचल के लाखों लोग आज अरविंद केजरीवाल को अपने अपमान के लिए कोस रहे हैं जिस से आहत और आकुल अरविंद केजरीवाल झूठे आरोप लगाकर छठ पूजा का के पर्व को और खराब करना चाहते हैं इसीलिए झूठे आरोप लगा रहे हैं उन्होंने कहा कि केजरीवाल अपने दावे को साबित करें वरना कानूनी

कार्यवाही झेलने के लिए तैयार रहें। आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर सांसद मनोज तिवारी एवं पूर्व सांसद महेश गिरी पर झूठे आरोप लगाने पर कई भाजपा नेताओं ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है, भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा छठ पूजा पर बैन लगा कर दिल्ली में बस रहे लाखों पूर्वांचल वासियों की आस्था को ठेस पहुंचाई हैं।

जिससे उनकी चारों तरफ किरकिरी हो रही है और उनके इस कुकृत्य का पर्दाफाश सांसद मनोज तिवारी बखूबी कर रहे हैं जिससे व्याकुल और छटपटाहट में अपने एक विधायक को आगे आकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करवा रहे हैं।

निगम पार्षद एवं पूर्व जोन चेयरमैन प्रमोद गुप्ता ने ट्वीट कर अरविंद केजरीवाल से सवाल किया है कि आपने अपने एमएलए से झूठ परोसने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाई अब आप 60,000 में 200 बेस्ट लोडर टिपर ई कार्ट हेवी ड्यूटी बैटरी सहित जो 800 किलोग्राम भार उठा सके जिसमें जीपीएस और कैमरा भी लगा हो खरीद कर दिल्ली की जनता को समर्पित करें वरना कानूनी प्रक्रिया के लिए तैयार रहें उन्होंने कहा कि केजरीवाल के इस शर्मनाक झूठ के खिलाफ वह कानूनी कार्यवाही के लिए पहल करेंगे।

शिक्षा मंत्री निशंक को मिलेगा 'वातायन अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान'

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली, 20 नवंबर । केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' को आगामी शनिवार को 'वातायन अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान' से नवाजा जाएगा। निशंक सक्रिय राजनीति में रहने के साथ एक लेखक और कवि के रूप में भी अपनी पहचान रखते हैं और इसी संदर्भ में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जा रहा है।

आधिकारिक बयान में कहा गया है, ''एक लेखक एवं कवि के रूप में पहचान रखने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्री डाक्टश्र रमेश पोखरियाल 'निशंक' को ष्वातायन अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मानष् से सम्मानित किया जाएगा।'' बयान के मुताबिक, नई शिक्षा नीति को नया आयाम देने वाले शिक्षा मंत्री निशंक ने 75 से ज्यादा पुस्तकें लिखी है जिनका कई विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। गौरतलब है कि ष्वातायनष् नामक संस्था कवियों, लेखकों और कलाकारों के लाभ के लिए सामाजिक सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन करती है तथा गैरअंग्रेजी लेखकों को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने में मदद करती है। यह संस्था अपने कार्यों को अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में अनुवादित और प्रकाशित भी करती है। पूर्व में वातायन सम्मान प्रसून जोशी, जावेद अख्तर, निदा फाजली,राजेश रेड्डी, कुंवर बेचैन, अनिल जोशी जैसी कई हस्तियों को मिल चुका है। बयान में कहा गया है कि 'वातायनयूके सम्मान' का आयोजन 21 नंवबर को डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए किया जाएगा। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि प्रसिद्ध लेखक और नेहरू केंद्र लंदन के निदेशक डॉ अमीश त्रिपाठी होंगे। केंद्रीय हिंदी शिक्षण मंडल आगरा के उपाध्यक्ष कवि अनिल शर्मा जोशी और वाणी प्रकाशन की कार्यकारी निदेशक अदिति माहेश्वरी भी इस मौके पर मौजूद होंगी।।

2000 रु. का जुर्माना लगाना गरीब विरोधी वापस ले केजरीवाल सरकार: बिधूड़ी

नई दिल्ली, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली की अरविंद केजरीवाल द्वारा मास्क नहीं लगाने वालों पर 2000 रुपये का जुर्माना लगाने के निर्णय को गरीब विरोधी कदम करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली में बहुत बड़ी संख्या में गरीब लोग रहते हैं और उनके लिए 2000 रुपये की जुर्माना की रकम बहुत ज्यादा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह पूरी दिल्ली में मुफ्त मास्क का वितरण सुनिश्चित कराए और लोगों को कोरोना महामारी को लेकर जागरूक भी करे। उन्होंने कहा कि जब तक इस महामारी की रोकथाम के लिए कोई वैक्सीन या दवाई नहीं आ जाती, तब तक बचाव ही इससे बचने का एकमात्र रास्ता है। नेता प्रतिपक्ष बिधूड़ी ने दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज से समूची दिल्ली में कोरोना के खिलाफ शुरू किए गए जागरूकता अभियान और मुफ्त मास्क वितरण कार्यक्रम के तहत अपने बदरपुर विधानसभा क्षेत्र के मोलड़बन्द

अग्रवाल मार्केट में लोगों को निःशुल्क मास्क बांटे और मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मिलकर लोगों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क सेनेटाइजर, थर्मल स्कैनर आदि के उपयोग और सोशल डिस्टेनसिंग के नियमों के पालन को लेकर जागरूक भी किया।

दिल्ली में दिखने लगा कोरोना का खौफ, 2000 रुपये फाइन न देना पड़े: लोग लगाने लगे मास्क

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली, 20 नवंबर । कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ रहे मामलों को देखते हुए बिना मास्क लगाए घर से बाहर निकलने वालों पर दो हजार का जुर्माना लगाने का दिल्ली सरकार का फैसला सही है, क्योंकि हाल के दिनों में जहां बाजारों व सार्वजनिक वाहनों में भीड़ बढ़ी है, वहीं लोग लापरवाह भी होने लगे हैं। कई लोग न तो मास्क लगाते हैं और न ही शारीरिक दूरी का पालन करते हैं। इन लोगों की वजह से संक्रमण बढ़ रहा है। वहीं, शुक्रवार को लोगों में मास्क न लगाने पर 2000 रुपये के फाइन का खौफ दिखा, लोग पुलिस की नजरों से बचते नजर आए।

दिल्ली सरकार की मानें तो कोरोना जैसी जानलेवा महामारी में किसी को इस तरह से लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जा सकती है। ध्यान रखना चाहिए कि दिल्ली में रोजाना सात हजार के करीब नए मामले आ रहे हैं और लगभग सौ लोगों की जान जा रही है। इस स्थिति पर हाई कोर्ट ने भी चिंता जताई है। वहीं, केंद्र व राज्य सरकार मिलकर इस संकट का सामना करने के लिए कई कदम उठा रही हैं। अस्पतालों में आइसीयू के बेड बढ़ाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्थिति से निपटने के लिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की है। सभी दलों ने इस समय मिलकर काम करने पर बल दिया। यह जरूरी भी है, क्योंकि लोगों की सेहत पर किसी तरह की सियासत नहीं होनी चाहिए। पिछले कुछ दिनों से सार्वजनिक छठ पूजा पर प्रतिबंध को लेकर रोष जताया जा रहा था। सर्वदलीय बैठक के बाद अब इस पर विवाद नहीं होना चाहिए। अदालत ने भी कहा है कि उत्सव मनाने के लिए जीवन जरूरी है। मुख्यमंत्री ने राजनीतिक दलों के साथ ही सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से मास्क पहनने को लेकर लोगों को जागरूक करने और मास्क वितरण करने की अपील की है। यह सकारात्मक कदम है। इस तरह की जागरूकता की दरकार भी है। हम सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलना चाहिए वह भी मास्क पहनकर। शारीरिक दूरी का भी पालन जरूरी है।

देश में संचालित हैं 50 हजार से अधिक 'आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर'

नई दिल्ली, 20 नवंबर । केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि देश में भर में 50 हजार से अधिक 'आयुष्मान भारतहेल्थ एंड वेलनेस सेंटर' संचालित हैं जहां 28.10 करोड़ से ज्यादा लोग स्वास्थ्य सेवा ले चुके हैं। मंत्रालय का यह भी कहना है कि दिसंबर, 2022 तक 1.50 लाख एचडब्ल्यूसी स्थापित किए जाने हैं।

एचडब्ल्यूसी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के मकसद से स्थापित किए गए हैं। उसकी ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 50 हजार से अधिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हो चुके हैं यानी तय लक्ष्य का एक तिहाई केंद्र अस्तित्व में आ चुके हैं। इससे प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की सुविधाओं में सुधार हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने कहा, ''योजना, सभी स्तरों पर निगरानी, प्रक्रियाओं के मानकीकरण और स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण में केंद्र एवं राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के साझा प्रयासों से यह संभव हुआ है कि आज हम यहां तक पहुंचे हैं।'' उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों, चिकित्सा अधिकारियों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और आशाकर्मियों को उनके समर्पण और सहयोग के लिए धन्यवाद किया। मंत्री ने कहा, ''ये लोग स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने की व्यवस्था की बुनियाद हैं। कोरोना काल में इनका योगदान अनुकरणीय रहा है।''

गुरुपर्व पर इस बार नहीं निकाला जाएगा नगर कीर्तन

कोविड के चलते एहतियात के तौर पर कमेटी और सिंह सभाओं ने नगर कीर्तन न निकालने का निर्णय लिया

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली 20 नवंबर, गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व 30 नवंबर को मनाया जाएगा, लेकिन इस बार आयोजन का स्वरूप बदला जा रहा है। कोरोना के चलते इस बार नगर कीर्तन नहीं निकाला जाएगा।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी में धर्म प्रचार के चेयरमेन जतिंद्रपाल सिंह गोल्डी ने बताया कि कोविड महामारी के चलते आयोजन में इस बार कुछ प्रमुख बदलाव किए गए हैं। कमेटी और सिंह सभाओं ने बैठक कर तय किया है कि इस बार नगर कीर्तन नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कोरोना की स्थिति को देखते हुए यह काफी जरूरी भी था। हालांकि गुरुपर्व के मौके पर सभी एतिहासिक गुरुद्वारों में कीर्तनकथा पूर्व की तरह आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस समय महामारी का दौर चल रहा है कि ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी है कि संक्रमण को फैलने से रोकने में अपना सहयोग दें। कमेटी अपने जिम्मेदारियों को बखूबी समझती है इसीलिए इस बार नगर कीर्तन नहीं निकालने का निर्णय लिया गया है।.

गोल्डी ने बताया कि बेशक नगर कीर्तन नहीं निकाला जाएगा, लेकिन 30 नवंबर को बंगला साहब गुरुद्वारा में भव्य कथाकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह बहुत ही खास होने वाला है। इसके लिए दिल्ली से बाहर के रागियों को भी बुलाया गया है। सुबह 5 बजे से रात 12 बजे तक कथाकीर्तन का कार्यक्रम चलता रहेगा। सिंह साहब ज्ञानी राणजीति सिंह गौहर ए मस्कीन जी जत्थेदार तखत श्री पटना साहब कथा करेंगे। जबकि कीर्तन के लिए रविंद्र सिंह दरबार साहब, हरजौत सिंह जख्मी जालंधर, चमनजीत सिंह दिल्ली वाले, अरशदीप सिंह लुधियाना के जत्थों की तरफ से कीर्तन किया जाएगा। कथाकीर्तन का सीधा प्रसारण अनेका चैनल, वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर भी किया जाएगा। गोल्डी ने कहा कि बंगला साहब के अलावा अन्य एतिहासिक गुरुद्वारों में

एतिहासिक गुरुद्वारों में आयोजित होंगे कीर्तन समागम

भी कथाकीर्तन का आयोजन सुबह से लेकर रात 12 बजे तक किया जाएगा।

इस दौरान कोविड नियमों का पूरी तरह से पालन करना सुनिश्चित किया गया है। गुरुद्वारों में सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा जाएगा। निगरानी के लिए सेवादार तैनात रहेंगे। साथ ही सभी गुरुद्वारों में सैनिटाइजर की पर्याप्त व्यवस्था भी कर दी गई है। सभी को कोविड दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई है। साथ ही लोगों से भी अपील की जा रही है वह अभी अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए नियमों का पालन करें। स. गोल्डी पे दिल्ली की सभी सिंह सभाओं को भी बेनती की है वह भी अपनेअपने इलाके के गुरुद्वारा साहिब में करवाये जाने वाले समागमों में सोशल डिस्टैसिंग और अन्य जरूरी सुविधाओं का खास ध्यान रखें।

महिला हेल्पलाईन न.

डीएमआरसी—155370
सीआईएसएफ—22185555
दिल्ली पुलिस—1091
दिल्ली सरकार—181
कहीं भी—कभी भी—1090

समाचार एजेंसी
वेब वार्ता
पल-पल की खबर हर पल
समाचार एजेंसी का सदस्य बनने के लिए संपर्क करें
9650061234

एक नजर

विवाद में बीच-बचाव करने पर युवक की चाकू घोपकर हत्या

नई दिल्ली। सुंदर नगरी इलाके में दो पक्षों के विवाद को शांत कराने पर एक युवक की चाकू घोपकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार रात की है। नंद नगरी पुलिस ने हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुंदर नगरी के ई ब्लॉक स्थित खाली प्लॉट में रात को कुछ युवक ताश खेल रहे थे। इस दौरान वहां से शाहरुख नाम का शख्स प्लॉट से बाहर निकला और कृष्णा के घर के आगे पेशाब करने लगा। कृष्णा ने एतराज जताया तो दोनों में विवाद हो गया। इसी दौरान शाहरुख ने प्लॉट से अपने दोस्तों को बुला लिया। वे सभी कृष्णा व उनके परिजनों से मारपीट करने लगे। थोड़ी ही देर में कृष्णा के पड़ोसी जमा हो गए और उन्होंने शाहरुख व उनके दोस्तों को काबू कर लिया। पास में ही रहने वाला 32 वर्षीय प्रेमपाल भोजन के बाद टहलने के लिए निकला था। उसने विवाद होता देखा तो पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराने लगा। इसी दौरान शाहरुख ने खुद को छुड़ाकर प्रेमपाल के पेट में चाकू से तीनचार वार कर दिए। आननफानन में घायल प्रेमपाल को एसडीएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना से नाराज भीड़ ने शाहरुख की पिटाई कर दी। पुलिस ने घायल शाहरुख को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया है।

छात्रों का पठन-पाठन जारी रखने के लिए किए जाएंगे प्रयास

नई दिल्ली । दिल्ली विश्विद्यालय (डीयू) से सम्बद्ध सेंट स्टीफंस कॉलेज के प्रिसिंपल ने कहा है कि छात्रों के निर्बाध अध्ययन के लिये सभी संभव प्रयास किये जायंगे। प्रिंसिपल ने स्टाफ एसोसिएशन की तरफ से लिखे गए पत्र के जवाबी पत्र में यह बात कही है। सेंट स्टीफंस के प्रिंसिपल प्रो. जॉन वर्गीस ने जबाबी पत्र में कहा है कि कॉलेज और कॉलेज प्रशासन/समुदाय की केवल छात्रों में रुचि है। उनके बिना हमारे शिक्षकों के रूप में और एक शिक्षण समुदाय के रूप में हमारी राय अप्रासंगिक हो जाती है। फीस के मुद्दे पर स्टाफ एसोसिएशन की चिंता पर उन्होंने कहा है कि कॉलेज प्रशासन, जिसमें प्राचार्य और बर्सर शामिल हैं, सबसे अधिक सुलभ हैं। बरसर का हालिया संवाद भी इस तथ्य को बताता है कि फीस से संबंधित कुछ छात्र मुद्दों को संबोधित किया गया है। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। उन्होंने कहा है कि वास्तव में प्रशासन ने केवल यह सुनिश्चित करने के तरीकों और साधनों की तलाश की है कि हमारे छात्रों को कोई समस्या न हो।

शासी निकाय और हर दूसरे निकाय हमारे छात्रों के लिए उनके शैक्षणिक और व्यक्तिगत कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा हैं कि जैसा कि प्रमुखों को बर्सेरीज को संभालने के लिए एक समिति बनाने की जिम्मेदारी दी जा रही है, इसकी आवश्यकता नहीं होगी। फीस माफी के लिए प्रमुखयोग्य छात्रों की सिफारिश कर सकते हैं और बरसर का कार्यालय उनका पठनपाठन जारी रखने के लिए जो भी करना होगा वह करेगा।

प्रदूषित हवा से परेशानी के कारण राहुल गांधी के साथ प्रवास पर गोवा गईं सोनिया

(लोकेश निरवाल)

नई दिल्ली। राजधानी के दमघोटू वातावरण से बढ़ी सांस की दिक्कत से परेशान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी कुछ दिनों के लिए दिल्ली से बाहर रहेंगी। अस्थमा की चुनौती से जूझ रहीं सोनिया को डाक्टरों ने राजधानी के प्रदूषित मौसम से कुछ दिनों के लिए दूरी बनाने की सलाह दी है। डाक्टरों की इस सलाह पर ही कांग्रेस अध्यक्ष शुक्रवार को गोवा के प्रवास पर गईं। साथ में राहुल गांधी गए हैं।

चेन्नई और गोवा को लेकर अटकलें थीं। आखिरी फैसला गोवा को लेकर हुआ। इन दोनों जगहों का मौसम इस समय सामान्य है और दिल्ली जैसी ठंड भी यहां नहीं होती। बिहार में कांग्रेस की हार को लेकर शुरू हुई अंदरूनी खटपट के बीच सोनिया गांधी की सेहत की चुनौती और दिल्ली से बाहर का प्रवास पार्टी के मौजूदा संकट को और लंबा खींचेगा। हार की समीक्षा के लिए कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाने की कुछ वरिष्ठ नेताओं की मांग पर हफ़्तेदस दिन में सुनवाई की गुंजाइश अब कम ही है। वैसे भी सेहत की चुनौतियों के चलते सोनिया गांधी की राजनीतिक सक्रियता सीमित है। इंदिरा गांधी की जयंती के मौके पर गुरूवार को श्रद्धांजलि देने के लिए वे कुछ मिनटों के लिए बाहर नजर आयीं। बीते जुलाई से ही उनकी स्वास्थ्य की चुनौतियां बढ गई हैं जब उन्हें कुछ दिनों के लिए गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद कांग्रेस में पत्र विवाद के सामने आने पर संगठन में कुछ बदलाव कर सोनिया सितंबर के दूसरे हफ्ते में राहुल के साथ अपने स्वास्थ्य की सालाना जांच कराने के लिए अमेरिका भी गईं थी और दोनों मानसून सत्र में इसी वजह से शामिल नहीं हो पाए थे।

तब्लीगी जमात में दिल्ली पुलिस को झटका, 44 याचिकाएं हुईं खारिज

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने दिल्ली पुलिस द्वारा दायर 44 याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में मजिस्ट्रेट की अदालत के उस आदेश को चुनौती दी गई थी जिसमें विदेशी लोगों को वीजा प्रावधानों का उल्लंघन कर तबलीगी जमात कार्यक्रम में शामिल होने के अपराधों से बरी कर दिया गया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश संदीप यादव ने गुरुवार को कहा कि रिव्यू पिटीशंस में कोई आधार नहीं है। मजिस्ट्रेट की अदालत ने 24 अगस्त को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और महामारी कानून की विभिन्न धाराओं के तहत 36 विदेशी नागरिकों के खिलाफ आरोप तय किए थे। इसके अलावा आपदा प्रबंधन कानून के तहत भी आरोप तय किए गए थे। हालांकि, विदेशी नागरिकों को वीजा प्रावधानों के उल्लंघन, जीवन के लिए खतरनाक बीमारी के संक्रमण फैलाने जैसे आरोपों से बरी कर दिया गया था। जिन अपराधों के लिए उनके खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें छह महीने से लेकर आठ साल तक की कैद की सजा हो सकती है। पुलिस ने रिव्यू पिटीशन दायर कर अनुरोध किया था कि जिन अपराधों में 36 विदेशी नागरिकों को आरोपमुक्त किया गया था, उनमें आरोप तय किए जाएं। पुलिस ने मजिस्ट्रेट अदालत के उस आदेश के खिलाफ भी याचिका दायर की थी जिसमें छह देशों के आठ विदेशी नागरिकों को सभी आरोपों से मुक्त कर दिया गया था। अदालत ने कहा कि आठ विदेशी नागरिकों को बरी किए जाने के संबंध में मजिस्ट्रेट का आदेश पूरी तरह विचार कर दिया गया था और उसमें किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है।

दिल्ली में अजब नजारा, बर्तन धोने के टब को ही बना दिया अस्थायी तालाब

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली । लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन शुक्रवार शाम 5 बजे के बाद दिल्लीएनसीआर समेत पूरे देश में ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपने घरों और सार्वजनिक स्थलों पर ढलते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस बीच पूर्वी दिल्ली एक अजब नजारा देखने को मिला।

यहां की गीता कॉलोनी में बनी झुग्गियों में लोगों ने बर्तन धोने के टब, बाल्टी व खाना पकाने के बड़े भगोने को ही अस्थायी तालाब बना दिया। गीता कॉलोनी की झुग्गियों में इस तरह महिलाओं के साथ ही पुरुषों ने भी सूर्य को अर्घ्य दिया।

हिंदू धर्म से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक, शाम के दौरान सूर्य अपनी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। ऐसे में छठ पूजा में शाम के समय सूर्य की अंतिम किरण प्रत्यूषा को अर्घ्य देकर उनकी पूजाअर्चना की जाती है। ऐसी मान्यता है कि व्रतधारी महिलाओं को इससे दोहरा लाभ मिलता है। महिलाओं ने समृद्धि के प्रतीक सूर्य देव के पूजन में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखे हुए हैं। इस कड़ी में शुक्रवार शाम 5 बजकर 26 मिनट पर डूबते सूरज को अर्घ्य दिया गया। इस बारे में कई ज्योतिषियों का

मानना है कि ढलते सूर्य को अर्घ्य देने से स्वास्थ्य से जुड़ी कई दिक्कतें दूर होती हैं।

इसके साथ ही वैज्ञानिक नजरिये से भी ढलते सूर्य को अर्घ्य देने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। छठ पूजा की कड़ी में तीसरे दिन कार्तिक षष्ठी के दिन संध्या अर्घ्य दिया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार शाम को सूर्य देव को अर्घ्य देकर उनका पूजन जाएगा। पूजा के दौरान प्रसाद और फल टोकरी और सूप में रखे जाते हैं।पूजा की कड़ी में अर्घ्य देने से पहले बांस की टोकरी को फलों, ठेकुआ, चावल के लड्डू और पूजा के सामान से सजाया जाता है।

सूर्यास्त से कुछ समय पहले सूर्य देव की पूजा होती है फिर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर पांच बार परिक्रमा की जाती है। इसके पूजा पूरी होती है।

वेलर ने जैकेट में छिपाया था सवा 6 किलो सोना, गिरफ्तार

नई दिल्ली। रेलवे पुलिस ने गुरुवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर करीब सवा 6 किलोग्राम सोने के साथ एक ज्वेलर को गिरफ्तार किया है। बरामद सोने की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में सवा तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपी कोलकाता से सोना लाकर गुजरात में उसकी तस्करी करता था। डीसीपी हरेंद्र सिंह ने बताया कि त्योहार को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त चैकसी बरती जा रही है। इसी के तहत नई दिल्ली रेलवे पुलिस स्टेशन एसएचओ सतीश राणा के नेतृत्व में टीम सभी 16 प्लेटफॉर्म पर गश्त कर रही है। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह प्लेटफॉर्म संख्या 16 पर पुलिसकर्मी गश्त कर रहे थे।

इसी दौरान हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस से एक शख्स उतरा। पुलिसकर्मियों को शक होने पर उसकी तलाशी ली गई तो प्रवीन कुमार नाम के इस शख्स के जैकेट से सवा छह किलो सोना निकला। डीसीपी हरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कस्टम अधिकारियों की मौजूदगी में सोना बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी प्रवीन ने बताया कि वह कोलकाता में अमित नाम के शख्स से सोना खरीदता था।

दिल्ली हाईकोर्ट ने 'आप' सरकार से कहा रैपिड एंटीजन जांच से मकसद हल नहीं हो रहा

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली, 20 नवंबर । दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले जिस दर से बढ़ रहे हैं, दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार को इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए था कि रैपिड एंटीजन टेस्ट (आरएटी) से मकसद हल नहीं हो रहा है और आरटी पीसीआर टेस्ट बढ़ाए जाने चाहिए। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने गुरुवार को यह टिप्पणी इस तथ्य पर गौर करने के बाद की कि नौ नवंबर से लेकर 17 नवंबर के बीच कि गई कुल जांचो में से आरएटी जांच संख्या 2.98 लाख से अधिक थी, वहीं आरटी पीसीआर और मिलतीजुलती पद्धितियों से की गई जांच की संख्या 1.53 लाख के करीब थी।

हाईकोर्ट ने कहा कि इस अवधि में प्रतिदिन आरटीपीसीआर जांच ज्यादातर 20,000 से कम थी, जबकि प्रतिदिन 40,000 आरएटी जांच हुईं। बेंच ने कहा कि यह दिखाता है कि आरटीपीसीआर जांच बढाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी और अतिरिक्त स्थायी वकील सत्यकाम ने हाईकोर्ट को बताया कि एक नई जांच किट फेलुदापर जांच के विकल्प के तौर पर विचार किया जा रहा है जोकि आरएटी से कहीं सटीक और कम समय में परिणाम देती है। उन्होंने अदालत को बताया कि यह किट अभी लॉन्च नहीं हुई है। अदालत अधिवक्ता राकेश मल्होत्रा की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। दिल्ली में गुरुवार को कोविड19 के 7546 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या 5.1 लाख से अधिक हो गई, जबकि 98 और मरीजों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या 8041 हो गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक पिछले दिन आरटीपीसीआर से 22,067 जांच समेत कुल 62,437 जांच की गई।

बुलेटिन में कहा गया कि शहर में त्योहार के मौसम और बढ़ते प्रदूषण के बीच संक्रमण दर 12.09 प्रतिशत है। दिल्ली में 11 नवंबर को संक्रमण के सबसे ज्यादा 8593 मामले आए थे और 85 मरीजों की मौत हो गई थी। शहर में संक्रमण से 98 और लोगों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या 8,000 से ज्यादा हो गई। वर्तमान में 43,221 मरीजों का इलाज चल रहा है। हेल्थ बुलेटिन में कहा गया कि संक्रमितों की कुल संख्या 5,10,630 हो गई है।

भारत-भूटान के बीच रूपे कार्ड परियोजना का दूसरा चरण शुरू

नई दिल्ली, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भूटान के प्रधानमंत्री ड़ा लोटे शेरिंग ने आज दोनों देशों के बीच महत्वाकांक्षी रूपे परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने रूपे परियोजना के दूसरे चरण की शुरूआत वर्चुअल माध्यम से की और इसे दोनों देशों के बीच विशेष संबंधों का प्रतीक करार दिया। इस परियोजना के दूसरे चरण के शुरू होने के बाद भूटान के नेशलन बैंक द्वारा जारी किये गये रूपे कार्ड से भूटान के नागरिक भारत में किसी भी तरह का भुगतान कर सकेंगे। परियोजना के पहले चरण में भारतीय बैंकों द्वारा जारी किये गये रूपे कार्ड से भूटान में भुगतान की सुविधा की शुरूआत की गयी थी। पहले चरण की शुरूआत मोदी की पिछले वर्ष अगस्त में भूटान यात्रा के दौरान की गयी थी। मोदी ने कहा कि अब भूटान के नागरिक अपने देश के रूपे कार्ड से भारत में एक लाख से अधिक एटीएम और 20 लाख से अधिक प्वाइंट ऑफ सेल्स मशीनों पर भुगतान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इससे भूटान के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य , तीर्थयात्रा और पर्यटन के क्षेत्र में भुगतान करने की विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत रूपे नेटवर्क में भूटान का पूर्ण साझीदार के रूप में स्वागत करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में भूटान के साथ सहयोग के लिए तैयार है। भारत का अंतरिक्ष संगठन अगले वर्ष भूटान के एक उपग्रह का प्रक्षेपण भी करेगा जिसके लिए भूटान के चार युवा वैज्ञानिक दिसम्बर में भारत जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत कठिन समय में भूटान के साथ खड़ा रहा है और उसकी आवश्यकताएं हमेशा भारत के लिए प्राथमिकता की श्रेणी में रहेंगी।

कोविडः राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों में उच्चस्तरीय टीमें भेजने पर विचार कर रहा है केन्द्र

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

नई दिल्ली, 20 नवंबर । केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि जिन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में कोविड19 के मामले फिर से बढ़ रहे हैं, केन्द्र सरकार वहां विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की उच्चस्तरीय टीमें भेजने पर विचार कर रही है।

वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने, सर्विलांस, जांच और कोविड19 के मामलों के प्रभावी क्लिनिकल प्रबंधन में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और मणिपुर प्रशासन की मदद करने के लिए केन्द्र ने बृहस्पतिवार को इन राज्यों में उच्चस्तरीय टीमें भेजी हैं। शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि केन्द्र सरकार उन राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में भी उच्चस्तरीय टीमें भेजने पर विचार कर रही है जहां कोविड19 के मामलों में वृद्धि हो रही है। बयान में कहा गया है, ''केन्द्र सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की सरकारों से कहा है कि वे तेजी से और ज्यादा से ज्यादा संख्या में जांच की रणनीति अपनाएं ताकि कोविड19 के सभी मामलों का समय पर प्रभावी तरीके से पता लगाया जा सके और साथ ही उनके संपर्क में आए लोगों की जांच की जा सके, निषिद्ध क्षेत्र तय किए जा सकें और इलाज आदि जैसे कदम उठाए जा सकें।'' मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली में कोविड19 के नए मामलों और संक्रमण से होने वाली मौतों में वृद्धि का असर एनसीआर के साथसाथ हरियाणा और राजस्थान राज्यों पर भी नजर आ रहा है जहां संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार तक देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 90,04,365 मामले आए थे। कोविड19 से अभी तक 1,32,162 लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 584 लोगों की मौत हुई है।

लीडरशिप पर सिब्बल का फिर वार, बिना अध्यक्ष कैसे काम कर सकती है पार्टी

नई दिल्ली । कांग्रेस में घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने एक बार फिर पार्टी नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठाए है। इसके साथ उन्होंने उन पर हमला कर रहे पार्टी नेताओं को जवाब देते हुए कहा है कि वह कार्यकर्ताओं की आवाज़ उठा रहे है। कपिल सिब्बल ने कहा कि राहुल गांधी डेढ़ साल पहले यह कह चुके हैं कि वे अब कांग्रेस का अध्यक्ष नहीं बनना चाहते।

उन्होंने यह भी कहा था कि वह नहीं चाहते कि गांधी परिवार का कोई भी व्यक्ति अध्यक्ष बने। इसको डेढ़ साल हो गया है, क्या कोई राष्ट्रीय पार्टी बिना अध्यक्ष के काम कर सकती है। अपने ऊपर हो रहे हमलों पर उन्होंने कहा कि अगस्त 2020 में जो चिट्ठी लिखी गई थी, वो हमारी तीसरी चिट्ठी थी। इससे पहले दो पत्र और लिखे थे, पर किसी ने हमसे बात नहीं की। एक इंटरव्यू में उन्होंने अध्यक्ष पद पर चुनाव की वकालत करते हुए कहा कि संगठन में चुनाव बेहद जरूरी है। कपिल सिब्बल ने कहा कि वह किसी की क्षमता पर उंगली नहीं उठा रहे है, पार्टी के संविधान की बात कर रहे है। संविधान के मुताबिक चुनाव होना चाहिए। अगर हम खुद अपने संगठनों में चुनाव नहीं करवाएंगे तो हम जो रिजल्ट चाहते हैं वो कैसे मिलेगा।

यही बातें हमने अपनी चिट्ठी में कही थीं। कुछ समय पहले भी कपिल सिब्बल ने कांग्रेस पर निशाना साधा था। सिब्बल ने कांग्रेस पर पिछले छह सालों में किसी भी तरह का आत्मविश्लेषण नहीं करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पार्टी की लीडरशिप पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि बिहार चुनाव में प्रदर्शन पर पार्टी का कोई रुख सामने नहीं आया है।

अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में जांच के आदेश के खिलाफ मेनका की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा

नई दिल्ली, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को भाजपा सांसद मेनका गांधी की उस याचिका पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा जिसमें उन्होंने उनके और दो अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक मामला बंद करने की जांच एजेन्सी की रिपोर्ट अस्वीकार करते हुये इसमें आगे जांच करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना ने सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए मेनका गांधी की याचिका पर जांच एजेन्सी से जवाब मांगा है।

न्यायाधीश ने साथ ही विशेष अदालत के गत चार फरवरी के आदेश के उस हिस्से पर रोक लगा दी जिसमें जांच एजेंसी को मेनका गांधी के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने वाले प्राधिकार के सामने दस्तावेज पेश करने का निर्देश दिया गया है। भाजपा नेता और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ वर्ष 2006 में दर्ज भ्रष्टाचार मामले के अनुसार, उन्होंने फर्जी तरीके से एक ट्रस्ट को अनुदान के रूप में 50 लाख रुपये की मंजूरी दी थी। सीबीआई ने सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय को बताया कि मामला बंद करने की रिपोर्ट दाखिल करने पर विशेष अदालत के पास तीन ही विकल्प होते हैं उसे स्वीकार करे, खारिज करे और आगे की जांच का आदेश दे या मंजूरी के लिए प्राधिकारी के समक्ष सामग्री रखने का आदेश दे। सीबीआई के वकील ने कहा कि विशेष अदालत आगे की जांच करने और मंजूरी प्राधिकार के समक्ष सामग्री रखने का आदेश नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि एजेंसी को एक तरह से ''आरोप पत्र दाखिल करने के लिए मजबूर किया गया।'' एजेंसी ने उच्च न्यायालय को बताया कि विशेष अदालत ने आगे की जांच के लिए कोई मापदंड तय नहीं किया। सीबीआई के वकील ने उच्च न्यायालय को सुझाव दिया कि विशेष अदालत की टिप्पणियों को खारिज कर दिया जाए और मामले को उसे वापस भेज दिया जाए।

गांधी के वकील ने उच्च न्यायालय को बताया कि यह दूसरी बार है जब सीबीआई ने मामला बंद करने की रिपोर्ट दायर की है और एजेंसी ने कहा है कि उसके पास कोई अभियोजन साक्ष्य नहीं है। हालांकि, विशेष अदालत ने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को खारिज कर दिया और अभियोजन की मंजूरी के लिए मंजूरी देने वाले प्राधिकार के समक्ष उसके पास उपलब्ध सामग्री रखने का निर्देश दिया।





संपादकीय

कांग्रेस के बिना हमारा लोकतंत्र बिना ब्रेक की मोटर-कार जैसा है

भारतीय लोकतंत्र में पैदा हुए इस खलल का असर किस पार्टी पर नहीं पड़ा है ? क्या भारत की कोई भी पार्टी यह दावा कर सकती है कि उसके अध्यक्ष या नेता का चुनाव उसके सभी सदस्य खुले रूप में करते हैं ? पार्टियों की कार्यसमिति के सदस्य भी नहीं चुने जाते।

बिहार के चुनावपरिणामों का असर सिर्फ बिहार तक सीमित नहीं है। वे अखिल भारतीय राजनीति का आईना बन गए हैं। हर राजनीतिक दल उसमें अपना चेहरा देख रहा है। भाजपा का चेहरा तो चमचमा ही उठा है लेकिन उसके प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस के चेहरे पर तो धुंध ही छा गई है। बिहार में उसे 70 में से सिर्फ 19 सीटें मिली हैं और वोट सिर्फ 9.48 प्रतिशत मिले हैं। बिहार के साथसाथ मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक आदि राज्यों में जो उपचुनाव हुए, उनमें तो कांग्रेस की हालत और भी बदतर सिद्ध हुई है।

लगभग सभी राज्यों में नेता लोग कांग्रेस को छोड़छोड़कर भाजपा आदि दलों में जा रहे हैं। इसी कारण देश के कई छोटे राज्यों में कांग्रेस की सरकारें नहीं बन सकीं। जो नेता कांग्रेस में अभी तक बने हुए हैं, यह उनकी मजबूरी है। कांग्रेस के 23 नेताओं ने अपनी पार्टी की इस दुर्दशा पर एक पत्र लिखकर कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी का ध्यान भी खींचा है। उस पत्र का जवाब तो उन्हें अभी तक नहीं मिला है लेकिन उनमें से कुछ नेताओं को अपदस्थ कर दिया गया है। बिहार तथा अन्य राज्यों में हार के सवाल को कुछ नेताओं ने फिर उठाया है लेकिन पार्टी नेतृत्व ऐसे नाजुक मुद्दों पर सार्वजनिक बहस की इजाजत नहीं देता है। ऐसे मुद्दों पर सार्वजनिक बहस हो या न हो लेकिन अफसोस की बात है कि उन पर पार्टी के अंदर भी खुलकर बहस नहीं होती लेकिन कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और सामान्य कार्यकर्ता निजी बातचीत में अपनी निराशा, व्यथा और किंकर्तव्यविमूढ़ता प्रकट करने में कोई संकोच नहीं करते। कांग्रेस की हालत आज एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनीजैसी हो गई है। इसका बुरा असर देश की लगभग सभी प्रांतीय पार्टियों पर भी पड़ गया है। यदि कांग्रेस मांबेटा पार्टी बन गई है तो कई पार्टियां बापबेटा पार्टी, चाचाभतीजा पार्टी, भाईभाई पार्टी, बुआभतीजा पार्टी, पतिपत्नी पार्टी, ससुर दामाद पार्टी आदि बनकर रह गई हैं। भारतीय राजनीति में इस परिवारवाद का जन्म 1971 की इंदिरा गांधी की प्रचंड विजय के बाद शुरू हुआ, जो अब तक चला आ रहा है।

भारतीय लोकतंत्र में पैदा हुए इस खलल का असर किस पार्टी पर नहीं पड़ा है ? क्या भारत की कोई भी पार्टी यह दावा कर सकती है कि उसके अध्यक्ष या नेता का चुनाव उसके सभी सदस्य खुले रूप में करते हैं ? पार्टियों की कार्यसमिति के सदस्य भी नहीं चुने जाते। वे भी नामजद कर दिए जाते हैं। प्रांतीय अधिकारी भी इसी तरह ऊपर से थोप दिए जाते हैं। यह कला कांग्रेस की है। अब इसे सभी पार्टियों ने सीख लिया है।

जब तक पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र नहीं होगा, देश में नाम मात्र का ही लोकतंत्र चलता रहेगा। पार्टियों में यदि आंतरिक लोकतंत्र हो तो उसका सबसे पहला असर तो यह होगा कि उसके नेता चुनाव द्वारा नियुक्त होंगे। ऊपर से थोपे नहीं जाएंगे। दूसरा, एक ही नेता बरसोंबरस पार्टी पर थुपा नहीं रहेगा। समय और जरूरत के मुताबिक नए नेताओं को मौका मिलेगा। पार्टियों के नेता और हमारी सरकारें भी अक्सर बदलती रहें तो उनके सेहत ठीक रहती है। वे पापड़ की तरह होते हैं। उन्हें जल्दीजल्दी न पलटें तो उनके जलने का डर बना रहता है। बराक ओबामा ने अपने संस्मरणों में जो लिखा है, उससे क्या सबक निकलता है ? उन्होंने कहा है कि सोनिया गांधी ने डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री इसीलिए बनाया कि उनसे राहुल गांधी को कोई खतरा नहीं था। दूसरे शब्दों में हमारी राजनीति राष्ट्रहित से ज्यादा व्यक्तिगत या पारिवारिक हित से प्रेरित होती है। यह परिदृश्य देश की लगभग सभी पार्टियों में देखा जा सकता है।

महिला हेल्पाइन

डीएमआरसी	155370
सीआईएसएफ	22185555
दिल्ली पुलिस	1091
दिल्ली सरकार	181
कहीं भी कभी भी	1090

हिंदी दैनिक वूमेन एक्सप्रेस

खबर एवं विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
चेम्बर नंबर-302, वधवा बिजनेस सेंटर, डी-288-89/10,
नियर लक्ष्मी नगर मेट्रो स्टैशन गेट नंबर -1,
विकास मार्ग, नई दिल्ली - 110092
मोबाइल : 07042999974/ 09013518518
प्रधान संपादक : खुशबू पाण्डेय
प्रबंध संपादक : विनोद मिश्रा
राजनीतिक संपादक : नीता बुधौलिया
विज्ञापन प्रबंधक : रिजवाना नसीम
कानूनी सलाहकार : लख़मी चन्द
www.womenexpress.in
Email : thewomenexpress@gmail.com

इंदौर कार्यालय

102 , राजानी भवन , हाई कोर्ट के सामने,एम् ,जी रोड , इंदौर (मध्यप्रदेश)
रजनी खेतान (ब्यूरो चीफ)
मोबाइल : 08770587699, 09826024018

प्रयागराज कार्यालय

17/33, महात्मा गांधी मार्ग
(माया बाजार) सिविल लाइन्स।
फोन : 05322560285
09415215390
प्रबंध संपादक : विनोद मिश्रा

आखिर पाकिस्तान कब घोषित होगा 'आतंकवादी' देश

जम्मू के नगरोटा में जो आतंकवादी मारे गए। वह एक बड़ी साजिश का छोटा हिस्सा मात्र थे। पाकिस्तान में बैठे आतंकी सरगनाओं ने कश्मीर को दहलाने की नई साजिश रची है। लेकिन हमारे जवानों ने पाकिस्तान की आतंकी साजिश के चीथड़े उड़ दिए। आर्मी चीफ जनरल एम एम नरवणे ने ऐलान भी कर दिया है जो आतंकी आएगा वो पक्का मारा जाएगा। आतंकवाद पर हिंदुस्तान का ये करारा प्रहार पाकिस्तान से कह रहा है कि अब खबरदार हो जा, नहीं तो बर्बादी पक्की है। लेकिन बड़ा सवाल तो यही आखिर कब तक भारत पाकिस्तन के आतंकी हरकतों को बर्दाश्त करता रहेगा? आखिर पाकिस्तान को कब आतंकी देश घोषित किया जायेगा? इसका जवाब अब हर हिन्दुतानी चाहता है

भारत को 22 से अधिक बार लहूलुहान करने वाले पाकिस्तानी आतंकी एवं जैशएमोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को सुरक्षा परिषद ने वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया है। भारत ने भी इसे आतंकी घोषित करने का प्रस्ताव एकदो नहीं कई बार रखा, लेकिन हर बार पाकिस्तान का आका चीन अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल कर नाकाम करता रहा। पुलवामा हमले के बाद मोदी सरकार ने फिर यू.एन. में इस पर कार्रवाई करने का प्रस्ताव रखा, इस पर फ्रांस, ब्रिटेन, अमरीका और रूस ने भी अपनी मुहर लगाई, जिसे चीन ने भी स्वीकृति प्रदान की। इसके बावजूद अगर पाकितान नहीं सुधर रहा है तो कब उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। खासतौर से तब जब संयुक्त राष्ट्र ने भी अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा कर चुकी है कि पाकिस्तान में करीब 6,500 आतंकवादी मौजूद हैं। इन आतंकवादियों में लश्करएतैयबा और जैशएमोहम्मद जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के आतंकी हैं।

फिरहाल, भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के एक और बडी साजिश को जम्मू के नगरोटा में चार आतंकियों को एनकाउंटर में ढेर कर विफल कर दिया है। सूत्रों की मानें तो पाकिस्तान के आर्मी चीफ बाजवा और उनकी बदनाम खुफिया एजेंसी आईएसआई ने मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रची थी। दुश्मनों ने कश्मीर को दहलाने के लिए वारदातों की श्रृंखला शुरु करने की साजिश रची है। आतंकी संगठन जैश के सरगना मसूद अजहर के भाई रऊफ लाला को इस बार कश्मीर को दहलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रऊफ लाला को कुछ दिनों से पाकिस्तान के शक्करगढ़ सेक्टर में देखा जा रहा था। तभी से सेना और खुफिया एजेंसियां चैकन्ना थीं। पाकिस्तान ने इन दिनों शक्करगढ़ के आसपास कई आतंकी कैंपों को एक्टिव कर रखा है जहां आतंकी ट्रेनिंग के साथ साथ जैश के फिदायीन ब्रिगेड को भी तैयार किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि 16 और 17 नवंबर की दरम्यानी रात रऊफ लाला ने जैश के दो माड्यूल को जम्मू की हीरा नगर इंटरनेशनल बॉर्डर से घुसपैठ कराई। पहले गुट में 4 आतंकी थी और दूसरे गुट में दो आतंकी। सेना

को खुफिया सूत्रों से एक ट्रक में जैश के चार आतंकियों के छिपे होने की खबर मिल चुकी थी। इसी का परिणाम था कि सेना ने नगरोटा टोल के पास नाका लगाकर चेकिंग के दौरन ट्रक रोका तो उसमें छिपे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके फौरन बाद ट्रक का ड्राइवर वहां से फरार हो गया। ट्रक में छिपे जैश के चारों आतंकी भी गोलियां चलाते हुए जंगल की तरफ भागने लगे, लेकिन मौके पर सीआरपीएफ के जवानों ने भी मोर्चा संभाला और करीब 3 घंटे की भीषण गोलीबारी के बाद चारों आतंकियों को मार गिराया गया। कहा जा रहा है कि जैश के ये आतंकी 26/11 जैसी बड़ी वारदात की फिराक में थे। इन आतंकवादियों के पास मिले भारी मात्रा में गोलाबारूद इसके प्रमाण है। आशंका है कि ये सभी आतंकवादी पाकिस्तान से जम्मूकश्मीर के सांबा सेक्टर में घुसपैठ करके भारतीय सीमा में दाखिल हुए और नगरोटा के इस टोल प्लाजा से होते हुए ये कश्मीर जाना चाहते थे।

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने नगरोटा में हुए इस एनकाउंटर के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार बताया है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक भारत में ऐसी आतंकवादी घटनाएं पाकिस्तान के समर्थन के बिना संभव नहीं हैं। मतलब साफ है आतंकवाद पर पाकिस्तान का दिखावा एक बार फिर सामने आया है। मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद को पाकिस्तान की एक अदालत ने साढ़े 10 साल की सजा सुनाई है और हाफिज की संपत्ति को भी जब्त करने का आदेश दिया है। लाहौर की आतंकवाद विरोधी अदालत ने आतंकी फंडिंग के दो मामलों में हाफिज सईद समेत 4 आतंकवादियों को सजा सुनाई है। हालांकि हाफिज सईद को सजा देना सिर्फ एक दिखावा है। क्योंकि अब भी ये आतंकवादी एक महंगी और बढ़िया एसयूवी का इस्तेमाल कर रहा है। भले ही उसे सजा दी गई हो लेकिन हाल में आई तस्वीरें देखकर ऐसा लग रहा है, मानो पाकिस्तान की सरकार अब हाफिज सईद का और भी ज्यादा ख्याल रख रही है। खास बात यह है कि सजा के तुरंत बाद उसे वहां की सुप्रीम कोर्ट से जमानत भी मिल गयी। जेल से ही उसे जमानत मिल। बता दें, आतंकी हाफिज सईद को इस साल फरवरी में भी पाकिस्तान की कोर्ट ने 11 साल की सजा सुनाई थी। 17 जुलाई को गिरफ्तार करके हाफिज सईद को लाहौर की कोट लखपत जेल में रखा गया था। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि फरवरी 2021 में एफएटीए की एक मीटिंग होने वाली है और उस मीटिंग से पहले पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाने हैं।

हालांकि भारत एक नहीं कई बार कह चुका है कि पाकिस्तान वाकई आतंकवाद के खिलाफ है आतंकवाद को लेकर गम्भीर है तो उसे कम से कम अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम, आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाउद्दीन और ऐसे अन्य आतंकियों को भारत को सौंप देना चाहिए जो भारतीय नागरिक हैं और वहां (पाकिस्तान) में रह रहे हैं। लेकिन चाहे पुलवामा हमले के बाद की घटना रही हो या अन्य हर बार पाकिस्तान दिखावे के तौर पर कुछ आतंकियों को हिरासत में लेता है और फिर सबूतों का अभाव बताकर छोड़ देता है। सच तो यह है कि पाकिस्तान ने हमले के लिए जिम्मेदार आतंकी संगठन 'जैशएमोहम्मद' पर ठोस एक्शन कभी लिया ही नहीं है। यह अलग बात है कि पुलवामा हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान पर राजनयिक दबाव बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसे अलग थलग करने का प्रयास किया है। कश्मीर में आकर आतंकवादी संगठनों को एकत्रित करके भारत के खिलाफ लामबंद करना शुरू किया तो उसे पकड़कर जेल में बंद कर दिया गया।

सुरेश गांधी
www.womenexpress.in

कोरोना संक्रमण के विकराल होने का खतरा मंडराया

सर्दी शुरू होते ही देश में कोरोना वायरस का संक्रमण एक बार फिर से तेजी से विकराल होने लगा है। संक्रमित मरीजों की संख्या 90 लाख के पार हो गई है। कोरोना संक्रमितों की संख्या के हिसाब से अमेरिका के बाद भारत दुनिया में सबसे प्रभावित देश है जहाँ बीते दिन सबसे ज्यादा कोरोना मामले अमेरिका के बाद भारत में देखने को मिले है। भारत मौतों की संख्या में दुनिया में पांचवे नंबर पर है। अच्छी बात ये है कि बीते दिन 44,807 मरीज कोरोना से ठीक भी हुए हैं। अब तक एक लाख 32 हजार 202 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। वहीँ देश की राजधानी दिल्ली में कोरोना खतरनाक रूप ले चुका है। कोरोना से होने वाली मौतों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। राजधानी में हालात ये हो गयी हैं कि श्मशान घाटों पर चिताओं को जलाने के लिए 3 से 4 घंटे की वेटिंग मिल रही है। दिल्ली में कोरोना वायरस के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने केजरीवाल सरकार से पूछा कि क्या आपको पता है कि दिल्ली में श्मशान गृहों में इतनी स्थिति खराब है कि शवों को रात को भी जलाया जा रहा है?

देश में संक्रमण की रोकथाम के लिए भारत सरकार ने युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू कर दिए है। राज्य सरकारों ने अपनी मशीनरी को कसना शुरू कर दिया है। त्योहारी सीजन में लोगों ने कोरोना गाइड लाइन का उल्लंघन किया और मास्क नहीं लगाया। मास्क नहीं लगाने पर राज्य सरकारों ने जुरमाना राशि बढ़ा दी है। देश में संक्रमित मरीजों की संख्या 90 लाख के पार हो गई है। भारत सरकार ने छठ पूजा के त्यौहारों के दौरान लोगों से अपील की है कोरोना से सुरक्षित रहने के लिए दूसरों से उचित दूरी बना कर रखें और मास्क जरूर पहनें। समझदार बनें, सुरक्षित रहें। महामारी के खात्मे की सबसे बड़ी उम्मीद कोरोना वैक्सीन को लेकर खबरों का बाजार गर्म हो रहा है। कभी दिसम्बर तो कभी नए साल में वैक्सीन उपलब्ध होने की जानकारी सामने आ रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का कहना है भारत में वैक्सीन का डिस्ट्रीब्यूशन वैज्ञानिक तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश की आबादी 135 करोड़ है। जुलाई से अगस्त 2021 तक हमारे पास 400500 मिलियन वैक्सीन की खुराकें उपलब्ध होंगी। इसी बीच लोगों की बेपरवाही भी देखने को मिल रही है। गुजरात हरियाणा और राजस्थान सहित अनेक राज्यों में कोरोना ने फिर अपने पंख फैलाने शुरू कर दिए है। कई स्थानों पर लोक डाउन और कर्फ्यू लगाने के समाचार भी मिल रहे है। अस्पतालों में आईसीयू बेड फुल हो गए है। निजी अस्पतालों के हालात भी बिगड़े हुए है जहाँ नॉन कोविड मरीजों को बेड नहीं मिल रहे है। आलम यह है की दो गज की दूरी और मास्क जरूरी को लोग भुला बैठे है जिससे कोरोना संक्रमण के विकराल होने का खतरा मंडराने लगा है।

विशेषज्ञ चिकित्सकों और संयुक्त राष्ट्र की सलाह है कि कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क पहनना बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मास्क पहनने से कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। मास्क पहनने से हम खुद को और दूसरे लोगों को भी कोरोना के संक्रमण से बचा सकते हैं। हम सभी को समझना होगा कि मास्क पहनना कोरोना वायरस के खिलाफ बचाव में काफी कारगर साबित हो सकता है।

कोरोना से बचाव ही उत्तम समाधान है। घर पर बना मास्क भी कारगर है। जरूरी नहीं कि हम महंगे मास्क खरीदकर ही पहने, उसके लिए कई परत वाले सूती कपड़े के मास्क भी उपयोग में ला सकते हैं। मास्क जब भी खरीदें कम से कम तीन लेयर वाला अवश्य हो। कोरोना से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों का ध्यान रखना होगा। यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए तो जरूरी है ही साथ ही घर, परिवार, समाज, प्रदेश और देश भी बचाव के इन्हीं तरीकों से सुरक्षित रह सकेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक कोरोना संक्रमण के इस दौर में मास्क पहनने से इम्युनिटी विकसित हो सकती है। इससे कोविड संक्रमण की रफ्तार कम करने में भी काफी मदद मिल सकती है। ऐसा एक स्टडी रिपोर्ट में कहा गया है। इम्युनिटी जिसे हम हिंदी में रोगप्रतिरोधक क्षमता कहते है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक प्रतिरक्षा प्रणाली में अंग,कोशिकाएं, टिशू और प्रोटीन इत्यादि शामिल होते हैं। ये सभी तत्व मिलकर मानवशरीर को सही तरीके से काम करने में सहायता करते हैं। इसके साथ में प्रतिरक्षा प्रणाली मानवशरीर को बीमारियों, संक्रमण, वायरस इत्यादि से लड़ने में सहायता करते हैं। इम्युनिटी या रोग प्रतिरोधक क्षमता वह शक्ति है, जो हमें सेहतमंद रखने में सहायता करती है। यह बच्चे से बुजुर्ग तक समस्त लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। यह वह चीज है जो किसी भी बीमारी से लड़ने में हमारी मदद करती है। बीमार होने पर डॉक्टर इसे बनाए रखने या फिर बढ़ाने की सलाह देते हैं। बताते है कमजोर इम्युनिटी वाले इंसान को कोरोना वायरस आसानी से अपनी जकड में ले लेता है।

बाल मुकुंद ओझा
वरिष्ठ लेखक और पत्रकार
मालवीय नगर ।
www.womenexpress.in

ब्रिक्स को कमजोर करता चीन

दुनिया भर में आतंकवाद से लड़ने के मामले में भारत को छोड़कर शेष ब्रिक्स देशों की लुंजपुंज नीति इसकी उपयोगिता पर ही सवाल खड़े करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए दुनियाभर में आतंकवाद के बढ़ते खतरों पर अपनी चिंता जताते हुए संकेतों में ही सही चीन और पाकिस्तान को आडें हाथों लेने में कोई कसर नहीं छोड़ी ।

ये दोनों ही देश दुनिया में आतंकवाद को फैलाने में मदद करते हैं और उसे खादपानी देते रहते हैं। चीन तो ब्रिक्स का सदस्य ही है। वे जब अपनी बात रख रहे थे तब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी ध्यान से भारतीय प्रधानमंत्री मोदी जी को सुन रहे थे। वे कहीं न कहीं अपने दिल में सोच ही रहे होंगे कि मोदी जी का इशारा उन्हीं की तरफ है। हैरानी इस बात की है कि भारत को छोड़कर ब्रिक्स का कोई भी अन्य देश भी पाकिस्तान या चीन के खिलाफ शिखर सम्मेलन में नहीं बोला। किसी ने भी चीन से यह सवाल नहीं पूछा कि वह क्यों आतंकवाद की फैक्ट्री पाकिस्तान का साथ देता है या ब्रिक्स के साथी देश भारत की सरहद पर जंग के हालात पैदा कर रहा है? ब्रिक्स यानी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का संघ है। इस में ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। ब्रिक्स की स्थापना 2009 में हुई थी। इसे 2010 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल किए जाने से पहले ब्रिक ही कहा जाता था। रूस को छोडकर ब्रिक्स के सभी सदस्य विकासशील या नव औद्योगीकृत देश ही हैं जिनकी अर्थव्यवस्था विश्व भर में आज के दिन सबसे तेजी से बढ़ रही है। क्या आतंकवाद के मसले पर सभी ब्रिक्स देशों को चीन और पाकिस्तान के खिलाफ समवेत स्वर से बोलना नहीं चाहिए था? क्या ब्रिक्स को चीन की निंदा नहीं करनी चाहिए थी कि वह ब्रिक्स के ही एक सदस्य देश भारत की सीमा पर जंग के हालात पैदा कर रहा है? दुनिया की 40 फीसद से अधिक आबादी ब्रिक्स देशों में ही रहती है। कहने को तो ब्रिक्स के सदस्य देश वित्त, व्यापार, स्वास्थ्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि,

संचार, श्रम आदि मसलों पर परस्पर सहयोग का वादा करते रहते हैं। पर चीन ब्रिक्स आंदोलन को लगातार कमजोर कर रहा है। चीन भारत के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रहा है। चीन के इस रवैये पर रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका चुप लगाये रहते हैं। जिस रूस से भारत के पुराने और एतिहासिक कूटनीतिक संबंध है वह भी चीन के खिलाफ एक शब्द भी बोलने को तैयार नहीं है। इस मामले में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका की भी बोलती बंद ही रहती है। भारत के दक्षिण अफ्रीका से महात्मा गांधी के कारण और ब्राजील से फुटबॉल के चलते प्रगाढ़ सबंध हैं। गांधी जी 1893 से लेकर 1915 तक दक्षिण अफ्रीका में ही रहे और मूल नागरिक अधिकारों के लिए सत्याग्रह करते रहे। 1915 में वह भारत लौटे। बापू ने 7 जून,1893 को दक्षिण अफ्रीका में ही सविनय अवज्ञा का पहली बार इस्तेमाल किया था। दक्षिण अफ्रीका के जननेता नेल्सन मंडेला उनसे प्रेरणा लेते रहे। दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान गांधीजी को कई बार गिरफ्तार किया गया। लेकिन, सच की लड़ाई लड़कर जीतने वाले उसी नेल्सन मंडेला का वही दक्षिण अफ्रीका आज सच के साथ खड़ा नहीं होता। वह चीन को कोसता तक नहीं कि चीन की नीतियों के कारण ब्रिक्स कमजोर हो रहा है। उधर, भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी ब्राजील की फुटबॉल टीम और उसके सितारों को चीयर करते रहे हैं। भारतीय फुटबॉल प्रेमियों की ब्राजील को लेकर निष्ठा शुरू से रही है। हालांकि लैटिन अमेरिकी स्पेनिश भाषी ब्राजील देश भारत से हजारों किलोमीटर दूर है, पर हमारे फुटबॉल प्रेमी ब्राजील में ही भारत की छाप को देखते हैं। पेले, रोमोरियो से लेकर रोनोल्डो जैसे ब्राजील के खिलाड़ियों ने भारत में अपनी खास जगह बनाई हुई है। पर ब्राजील भी भारत का साथ नहीं देता। याद नहीं आता कि कभी इन देशों ने भारत के हक में आवाज बुलंद की हो। चीन तो अव्वल दर्जे का बेशर्म देश है। उसके विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता कहते है, 'आतंकवाद सभी देशों के लिए एक आम चुनौती है। पाकिस्तान ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आजादी की लड़ाई में जबरदस्त प्रयास और बलिदान किया है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उसका सम्मान करना चाहिए और पहचान भी की जानी चाहिए। चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता भी रहा है। अब बदलाबदला सा नजर आ रहा है ढ्ढ दरअसल सारी दुनिया को पता है कि जब समूची विश्व बिरादरी पाकिस्तान पर आतंकवाद को लेकर सख्त कदम उठाने के लिए दबाव बनाती रही है। दरअसल पाकिस्तान दुनियाभर में आतंकवाद की फैक्ट्री के रूप में अपने को स्थापित करके बदनाम हो चुका है। दुनिया में कहीं भी कोई आतंकवाद की घटना हो, उसमें किसी पाकिस्तानी का हाथ अवश्य ही होता है।

आर.के. सिन्हा
पूर्व सांसद, राज्य सभा
नई दिल्ली ।
www.womenexpress.in

आजाद भारत की गुलाम महिलाएं...

भारत को आजाद हुए लगभग सत्तर साल से अधिक समय बीत चुका है लेकिन आज भी सही मायनों में हम आजाद नहीं हो पाए हैं अभी भी मानसिक गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ है। संविधान के अधिकारों की अनदेखी की जा रही है उसके कानून कायदों को लोग अभी तक समझ नहीं पा रहे हैं; सभी को समानता का अधिकार दिया लेकिन कोई मानने को तैयार नहीं है... आज भी लोग नाम जानने से संतुष्ट नहीं होते, उन्हें जाति जानकर ही संतुष्टि मिलती है पता नहीं क्यों? हाल ही में राजस्थान में पंचायती राज चुनाव सम्पन्न हुए उस चुनाव के नतीजों में हमारे आसपास के गांवों में अधिकतर महिलाएं सरपंच निर्वाचित हुई है ये बहुत अच्छी बात है और होनी भी चाहिए, लेकिन दुख तब होता है जब चुनाव महिलाएं जीती है तो स्वागत भी उनका होना चाहिए ना... शॉल ओढ़ाकर या माला पहना कर.... लेकिन चारों ओर चर्चा और जयकारे पुरुषों के लग रहे हैं चाहे उनके पति हो या पिता...

ये सही मायने में आजाद भारत की गुलाम महिलाएं है जो अभी तक अपने अधिकार और हक को जान नहीं पाई है और इसका नाजायज फायदा पुरुष समाज उठा रहा है, नारी शक्ति को इस पुरुष प्रधान समाज ने रसोई और बिस्तर के लिए समझ रखा है जो कि बिल्कुल न्याय उचित नहीं है वो दुनिया को बदलने की ताकत रखती है वो बहुत कुछ करना चाहती है इस परिवार,समाज, गांव और देश के लिए...

उनको धर्म और जाति का डर दिखा कर इतना गुलाम बना के रखा है कि वो इस प्रकार की गुलामी से बाहर निकलने के लिए संघर्ष कर रही है। इस प्रकार की गुलामी से बाहर निकलने के महिलाओं को कलम, कदम और कसम खाकर शिक्षा से अपने हक और अधिकारों के प्रति जागरूक बनने की जरूरत है और महिला सशक्तिकरण को धरातल पर जानने और समझने का प्रयास करना चाहिए। आखिर क्या कारण है कि आज भी हमारे देश की संसद महिला सशक्तिकरण कानून को लागू करने में संघर्ष कर रही है।

यह पुरुष आखिर होते कौन है महिलाओं को सशक्त करने वाले? वह तो पहले से ही सशक्त है जो नारी सृष्टि को जीवन दान करें वह कमजोर कैसे हो सकती है... हो सकता है मेरी बात इस पुरुष प्रधान समाज को बुरी लगी हो लेकिन मैने जो भी लिखा है वह कड़वा सच है...मानो या ना मानो।। ये मेरे निजी विचार है।

प्रकाश भारतीय
अरणाय, सांचौर, राजस्थान।
www.womenexpress.in

छठी मईया नईया पार करिह !

जैसा कि हम सभी जानते हैं की भारत में अनगिनत त्यौहार मनायें जाते हैं उनमें से सबसे प्रसिद्ध त्यौहार दीपावली हैं ,जोकि हम हिंदुओं का प्रमुख त्यौहार है और दीपावली के 5 दिन बाद ही एक और त्यौहार मनाया जाता है जिसे छठ पूजा के नाम से जाना जाता हैं।साथियों छठ पूजा हमारे भारत के सबसे बड़े त्योहारों में से एक त्यौहार है और छठ पूजा भारत में मुख्य रूप से बिहार ,झारखंड , उत्तर प्रदेश और पूर्वी राज्यों में ज्यादा मनाया जाता है। छठ पूजा को भारत में ही नहीं बल्कि नेपाल के साथ ही कुछ अन्य देशों में भी मनाया जाता

है। जिसमें हम लोग भगवान सूर्य देव की और उनकी बहन छठी मैया की पूजा करते हैं। छठ पूजा के पीछे भी बहुत सारे धार्मिक पौराणिक कथाएं जुड़ी हुई है। माना जाता है कि इस छठ पूजा की शुरुआत राजा श्री राम के समय से चली आ रही है जब भगवान राम और सीता मैया 14 साल के वनवास के बाद वापस अयोध्या लौटे थे तब उन्होंने यज्ञ करने की सोची जिसमें महर्षि ऋषि मुनि ने सीता माता को सूर्य देव की पूजा और छठी मैया की आराधना करने के लिए कहे थे ,उस दिन सीता मैया ने उपवास रखें और सूर्यदेव की आराधना भी की और तभी से छठ पूजा की शुरुआत हुई है।साथियों यह त्यौहार पृथ्वी को ऊर्जा प्रदान करने और जीवन देने के लिए सूर्य देव का धन्यवाद व्यक्त करने के उद्देश्य से भी मनाया जाता हैं ,ताकि लोगों को रहने के लिए उपयुक्त वातावरण उपलब्ध हो सके और साथ ही यह त्यौहार इस विश्वास के साथ मनाया जाता है कि सूर्य देव इच्छाओं को पूरा करते हैं। यह लोकआस्था,सूर्य उपासना और पवित्रता के महापर्व छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनायें साथियों भगवान भाष्कर और छठी मईया आप सभी को धन, धान्य, आरोग्य , सुख, शांति व समृद्धि प्रदान करें, ऐसी मंगल कामना करता हूँ।

विक्रम चौरसिया
www.womenexpress.in

जीवन है संग्राम सखे

पलपल कठिन चुनौती सम्मुख
जीवन है संग्राम सखे!!
जब तक सांसों में स्पंदन
चलना है अविराम सखे!!

कुछ भी शाश्वत नहीं यहां पर
जो आया है, वो जाएगा!
कर्म कसौटी पर कस खुद को
कर्म साथ ही जाएगा!

झूठी काया, झूठी माया
साथ न जाए छदाम सखे!!

लाभहानि जय और पराजय
सब जीवन के हिस्से हैं!
इनसे नहीं प्रभावित होना
पल दो पल के किस्से हैं!
कठपुतली हम सभी वक्त की
वक्त से सुबहशाम सखे!!

गुण और दोष समन्वित जग है
हंस सरिस बनना होगा !
हित और अहित सभी बातों का
खुद निर्णय करना होगा!!
जीवन रथ के तुम्हीं सारथी,
कस कर रखो लगाम सखे!!!

रश्मि मिश्रा
भोपाल (मध्यप्रदेश)।
www.womenexpress.in

शिक्षा का महत्व

भाल दमके हर बालक का
भाग्य चमके जग में सबका
विकास की बहती रहे गंगा
स्वस्थ सारा समाज हो चँगा
मानव निर्माण की है धूरी
शिक्षा है बहुत जरूरी

संस्कारों का पोषण करती
ज्ञान मोती उर में भरती
बुरे मार्ग से हमें बचाती
दीपक बनकर राह दिखाती

मेहनत सब की लगन हो पूरी
शिक्षा है बहुत जरूरी
किस्मत का ताला खुल जाता
जीवन में जो शिक्षा पाता
कुटुंब समाज राष्ट्र में नर
पद ऊँचा सम्मान ही पाता
सब प्रशंसा करते भूरी भूरी
शिक्षा है बहुत जरूरी

हर समस्या हल सुलझाती
अंधकार में दीप जलाती
जीवन स्तर हो साधारण
पर विचार को उच्च बनाती
प्रगति पथ की मुख्य है धूरी
शिक्षा है बहुत जरूरी

सारिका, जागृति
सर्वाधिकार सुरक्षित
ग्वालियर (मध्य प्रदेश)।
www.womenexpress.in

खरीदें हुए रिश्तों की उम्र नहीं होती...

गरीबी के आंसू किसी को
नज़र नहीं आते, मासूम मुन्ना के
हाथ में कागज़ का टुकड़ा है ।
बापु दीदी ने ऐसा काहे लिखा ।
रामलाल रोए जा रहा है , क्या
कहे वो , उसके सामने वो दृश्य
उजागर हो गए ।
मालिक आज थोड़ा सा धान दे
दो सुखा पड़ा है खेतों में फ़सल तो
है नाहीं , बच्चे भूखे हैं ।
धान तो लेजा लेकिन पहले ही
इतना कर्जा है तेरे सिर पे कब
चुकाएगा ।
मुनिया की शादी कहां से
करेगा , और तु कहता है मुन्ना को
पढ़ाऊंगा, इस गरीबी में कैसे करेगा
तुझे कहा तो है मुनिया की
शादी मुझ से कर दे बस उम्र ही तो
थोड़ी ज्यादा है मेरी ,
और कोई ऐब तो नहीं मुझमें
मगर तु माने तब ना , जा घर जा
के सोच के आज ही बता दियो ।

जी मालिक सोचना ही पड़ेगा
अब तो धान तो हुआ नाहीं सारा
साल कहां से खाएंगे ।
अरी ओ मुनियां की अम्मा
अब तु ही समझा मुनियां को कहती
है जमींदार से शादी नहीं करेंगी ,
अरी इतना बड़ा आदमी और कहती
है मैं वहां खुश नहीं रह सकती,
का कमी है, राज करेगी राज
समझा ना इसको मुन्ना को भी तो
पढ़ाना है ,
जमींदार कह रहा है कर्जा भी माफ़
कर देगा और मुन्ना को भी पढ़ा देगा ।

बापु मेरे को तो वो खरीद लेगा,
का मेरी खुशी खरीद लेगा ?
खरीदी हुई जिंदगी की उम्र ना
ही होवे बापु ।

सच कहती थी बिटिया हमने
उसकी शादी करा दी
पर कभी खुश नहीं दिखी वो एक
साल में ही सब खत्म हो गया ।
ज़ार ज़ार रोज़ जा रहा और उस
कागज़ को चूमे जा रहा है
जैसे उसमें बेटी नज़र आ रही हो ।

प्रेम बजाज,
जगाधरी (यमुनानगर)।
www.womenexpress.in

कमाई

न नाम, न शोहरत
कमाया मैंने, बस है कमाई
लोगों का प्यार
अपनापन, जिसने बांधे
रिश्ते नेह के, रहूं न रहूं मैं
सदा रहेगा दिल में प्यार मेरा
बनके याद मीठी
बस यही कमाई मेरी।।
न छल, न झूठ
न कपट, न फरेब
बस विश्वास ही है कमाई मेरी ।।

मीनाक्षी सुकुमारन
नोएडा ।

शिकायत नई नई है

मौन हैं हम ,मौन हो तुम भी
चलो ज़रा सी शरारत करले
ज़रा तुम भी बोलों, ज़रा बोले हम भी,
जो अभी शिकायत नई नई है!

बन्द अधर हैं, झुकी है नजरे
दिलो में रंगत नई नई है
अभी झिझक है ,बातों में
अभी ये चाहत नई नई है!

अभी न आएगी नींद तुमको
अभी तुमको सुकून मिलेगा,
अभी तो धड़केगा, दिल ज्यादा
अभी ये खुशबू नई नई है!
सुहाना आज दिन है पहला
चलो गगन में टहल के आए,
हर तरफ ये खुशी हुई है
चमन में बरकत नई नई है!

हसीं है लम्हे ,सजी फ़िज़ाएँ
गुलों में शबनम नई नई है,
अभी तो हम दोनों हैं अजनबी
अभी तो अपने बने नही है!

बन्द होंठ है ,शरारती नज़रे
अभी नज़ाकत नई नई है,
अभी तो यादो में बसे तो तुम
अभी हक़ीक़त हुई नही है!

अभी जो सांसो में बस गए हो
ज़माने से हो दूर लेकिन,
अभी है दिल में चैन ज़रा सा
अभी बेताबी नई नई है!.

प्रियंका द्विवेदी
मंझनपुर, कौशाम्बी ।
www.womenexpress.in

मोहब्बत क्या है?

आज तक मोहब्बत को कोई
बखुबी न जान पाता।
कोई कहता इससे बेहतर हसीन
जिंदगी कोई न पाता।

कोई कहता छल,,कपट,,
सिर्फ़ दर्द ही इसमें समाता।
कोई कहता इसमें समा टूट
इंसा जिंदगी भी न चाहता।।

कोई कहता टूटा जो इसमें वो बिखर
खुद को तार तार पाता।।
कोई कहता शायर भी तो वही है
जो कराह के खुद को सजाता।।
तो कोई कहता मोहब्बत वो है
जो धरा पे ही स्वर्ग दिखाता।।
मिली जिसे रूहानी मोहब्बत
वो खुद को ही बादशाह बतलाता।।

आज भी पक्ष और विपक्ष
मोहब्बत पे
ये मोहब्बत दोहरी चाल चलाता।।
समझ न पाए आज भी
मोहब्बत को
आखिर ये दर्द है या स्वर्ग कहलाता।।

वफ़ा, बेवफाई, दर्द की राह, या धरा
पे ही स्वर्ग की अनुभूति
मोहब्बत जतलाता?

कशमोकश, विडंबना, विचारों के बीच
आज भी मोहब्बत सवाल बन
शायरों के बीच रह ही जाता।।

वीना आडवानी
नागपुर, महाराष्ट्र ।
www.womenexpress.in

बाबा मैं हूँ अँश तुम्हारी

बाबा मैं हूँ अँश तुम्हारी,
मुझको न तुम मरने दो।
सह लूँगी सारी तक़लीफ़ें,
मुझको जन्म तुम लेने दो।

मैं हूँ एक छोटी सी परी,
तुम्हारे नाजुक अँश से बनी ?
तुम जो मुझसे रूठ जाओगे,
मेरा अस्तित्व फ़िर कैसे लाओगे ?

बोलो ना बाबा कुछ तो,
मुझे दुनिया में कैसे लाओगे ?
मैं हूँ रूप बेटी का तो क्या,
मुझे यह संसार नहीं दिखाओगे ?

सच कहती हूँ सुन लो बाबा,
बुढ़ापे की लाठी मैं बन जाऊँगी।
आज तुम मुझे सहारा दोगे तो,
कल का हौसला बन जाऊँगी।

गीतिका पटेल, गीत
बिलासपुर (छत्तीसगढ़)।
www.womenexpress.in

वो दिन बचपन के

कहां गए वो दिन बचपन के?
चांट कचौड़ी और चूरन के।
कहां गए वो दिन बचपन के?

कागज की नावों पर रखकर ,
मन अपना तैराते थे।
गलियों में बहते पानी में,
हुड़दंग खूब मचाते थे।
मन मयूर का छम छम नर्तन,
बूंदों के स्वर सरगम से।

कहां गए वो दिन बचपन के?
नानी की परियों की कहानी,
में हम सब खो जाते थे।
और दादी के राजा रानी,
मन को बहुत लुभाते थे।
भूत चुड़ैलों के किस्से ,
हम सब का आकर्षण थे।
कहां गए वह दिन बचपन के?

रशिम रावत
गाजियाबाद ।
www.womenexpress.in

सुनो रे बाबा

हालात बद से बदतर हैं बाबा।
सत्ता नशे में खूब तर है बाबा।
बच्चा,बुड्ढा,जवान,मर्द औरत।
अब कोई नहीं कमतर है बाबा
महल कोठी बंगले हवेली बस
जहाँ सुकून,वही घर है बाबा।
पराए तो पराए अपने भी अब
चुभोने लगे सबनश्तर हैं बाबा
कौन उसको क्यों पूछेगा भला
जो पार हुए पिचहत्तर है बाबा
उम्रभर का साथ निभाने वाले
मर गए सब हमसफर हैं बाबा

कृष्ण कुमार निर्माण
करनाल, हरियाणा।

छठ पूजा

छठ पूजा पर्व है पुनीत,हृदयस्थ
हृत्प्रिय अति पावन ।
सर्व मनोकामना पूर्ण करे, अंत-
ज्योंति करे संवर्धन ।।

हिन्दू धर्म त्योहार लोकप्रिय,
शुक्ल पक्ष षष्ठी आगमन ।
सूर्य अर्घ्य महती महत्ता,छठ
माता पूजा अर्चना वंदन ।।

निर्जला व्रत पावन विधान,
सर्वत्र छठ पर्व अभिनन्दन ।
ज्योंति राष्ट्र है दैदीप्यमान, सूर्य
अर्घ्य, नदी जल तर्पण ।।

छठ पूजा की आराधना,
पल्लवित, पुष्पित करे जीवन ।
छठ पूजा पर्व है पुनीत,
हृदयस्थ हृत्प्रिय अति पावन ।।

हो वांछित फल प्राप्ति, यदि निष्ठा
श्रद्धा पर्व सम्पादन।
चार दिवस छठ का पर्व,छठ
व्रत कोई न रहे अकिंचन ।।
ले पुत्र पति दीर्घायु कामना,
महिलाएं व्रत करती धारण ।
संपूर्ण विश्व प्रचलित पर्व, करे
सूर्य साधना दुख हरण ।।

छठ पूजा गरिमा अनुपम,सम्पूर्ण
राष्ट्र घर घर प्रचलन ।
छठ पूजा पर्व है पुनीत,
हृदयस्थ हृत्प्रिय अति पावन ।।

छठ पर्व सूर्य अर्घ्य उपयोगी,
करे सर्व कष्टों का निदान ।
सूर्य सृष्टि शुचि आधार, करें
सूर्य का छठ पूजा ध्यान ।।

सूर्य साधना लाभदायी,करे
अंतर्वर्ती विकार व्यवदान ।
सूर्य नमस्कार हितकारी, सूर्य
पूजा रोग का समाधन ।।

छठ पूजा पर्व छटा विकीर्ण,
हर्षित पुलकित अन्तर्मन ।
छठ पूजा पर्व है पुनीत,
हृदयस्थ हृत्प्रिय अति पावन ।।

एस पी दीक्षित
शुक्लागंज, उन्नाव
उत्तर प्रदेश ।
www.womenexpress.in

सूर्य उपासना/छठ पर्व

षष्ठी तिथि शुक्ल पक्ष की
कार्तिक मासा
छठ पूजा महापर्व है सूर्य
उपासना का
चार दिवसीय महाव्रत है संतान
की खुशहाली का
पूजन है यह जल, वायु,
प्रकृति, उषा और सूर्य भगवान का...

मान्यतानुसार निःसंतान राजा
प्रियवंद था
संतान प्राप्ति हेतु कराया महर्षि
कश्यप से यज्ञ था
रानी मालिनी ने खाया प्रसाद
खीर था
पर विधि का विधान यह कि
नवजात पुत्र निःश्वास था...

वियोग में राजा अपने प्राण
तजने तैयार था
सृष्टि के छठें अंश से उत्पन्न
ब्रम्हा की मानस पुत्री मां देवसेना
व्रत पूजन का दे निर्देश
कहलाई छठी मैया
षष्ठी देवी के व्रत से पूरी हुई
राजा की पुत्र प्राप्ति की कामना...
नहाय खाय ,खरना, अर्ध्य
संध्या और उषा
छत्तीस घंटे का व्रत यह निर्जला होता
ठेकुआ खीर प्रसादी के रूप में चढ़ता
बांस की सूप, टोकरी का
महत्व है बढ़ता...

सूर्य उपासना संगम है धर्म
और आस्था का
हरें सूर्य देव जीवन के तम
और पूरी करें मनो कामना
पर्व यह संदेश सौहार्द्र समरसता
और शुचिता का देता
उगते सूरज के साथ डूबते सूर्य
की महत्ता बताता ..

भारती यादव
रायपुर, छत्तीसगढ़ ।
www.womenexpress.in

जिन्दगी के सबक

मेरा किशोर मन दौडना चाहता था,
भागना चाहता था, सपने बुनना
चाहता था
उनकी सतरंगी दुनिया में खोना
चाहता था
भविष्य बनाना और उसको सोचना,
बड़ों की वक्तबेवक्त की नसीहतें
कभी सयानी, कभी बेमानी सी
लगती थी
अब उम्र के किनारे आ खडा हूँ
अपने बच्चो को देखता हूँ तो
अनायास ही,
उन्हें कुछ नसीहतें देने का मन
हो आता है
जो वक्त की ठोकरें मैने खाई है
उनसे उन्हें बचाने का दिल हो
आता है,
फिर अपना बचपन याद करके
दिल कह उठता है कि
ये इजाजत और चाहत के
फासले हम
चाहें तो भी मिटा न पायेंगे
जिन्दगी के कुछ सबक वक्त से
बेहतर हम सीखा नही पाएंगे

सुमन शाह
पिपलोद, सूरत ।
www.womenexpress.in

छठ मैया का पर्व

कार्तिक शुक्ल पक्ष के छठी
मनाओ पर्व महान।
सूर्य देव की कर वंदना
करो देवी आह्वान।
राम, कर्ण, कुंती ने भी पूजा
की थी विशेष।
सकल मनोरथ पूर्ण हुए पा सुख
संपद अशेष।
छठी मैया की आरती करो
लगा के ध्यान।

सुख संपत्ति घर आए सुखी
रहे संतान।
जिस घर में संतान नहीं
वो करते फरियाद।
छठी मैया की कृपा से मिल
जाती औलाद।
मैया के ही प्रताप से
तरक्की करे परिवार।
सुख समृद्धि मां देती है करे
भक्तों से प्यार।

नित स्नान कर रखती हैं सब
नारियाँ उपवास।
छठी मैया उन सब की है
करती पूरी आस।

शिव सन्याल
कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।
www.womenexpress.in

मैं मिलूंगा किताबों में

मन से ढूंढोगे मुझे तो मिलूंगा
तुम्हे फड़फड़ाती किताबों में !
भटकते अधूरे रहे ख्वाबो में
सवालों के अधूरे रहे जवाबों में।

रोते बच्चें को हँसाते हुवे !
ताल तलैया से पानी लाते हुवे
नुक्कड़ पे चाय पीते हुवे!

मैं मिलूंगा तुम्हे रफी लता
के मधुर गीत गुनगुनाते हुवे।

मैं मिलूंगा तुम्हे किसी गांव
के पुराने पीपल की छाँव में।
रेगिस्तान के सुनहरे गांव में।

मझधार में हिलोरे लेती नाव में।
मिलूंगा जरूर मिलूंगा जरूर....
मैं मिलूंगा भभकते अंगारों में।
पुराने फटे पड़े अखबारों में।
बरसात की हल्की बौछारों में।

मस्ती में चलती हुई बहारों मे।
पानी के लिए तरसे किनारों में।
मैं मिलूंगा टूटे हुवे सितारों मे।

मन से ढूंढोगे मुझे तो मिलूंगा
मिलूंगा किसी के काजल में !

भटकते हुवे किसी बादल में !
अपनी माता के आँचल में !
छनकती हुई किसी पायल में !

किसी फ़क़ीर की तकदीर में
किसी रंगसाज की तस्वीर में
अधूरी रह चुकी कविताओं में
उपवन की सुंदर लताओं में !

किसी मुशाफिर की मंजिल में
उलझी हुई किसी मुश्किल में।
मिलूंगा जरूर मिलूंगा जरूर....

भगवान सिंह चारण
डीडवाना, राजस्थान ।
www.womenexpress.in

बन्जर जमीन का समन्दर

दिल के समंदर मे शांत चित,
ह्दय मे तेरी याद की लहर,
आकर मेरे दामन को तेरी स्मृतियों,
की लहरों से हिचकोले देकर गई।
तेरी हिचकी मुझे तेरे होने का,
अहसास करा गई।
मेरे लबों की खामोशी,
मेरी आँखों की नमी तेरे होने का,
बोलती है।
चुप रह कर भी, गुनगुना कर देखा।
मैने अक्सर भीड़ मे अपने
आप को,
हर बार गुमशुदा देखा।
तेरी यादे मेरे चैन को छीन कर,
तेरी ओर निकल जाती है।
तेरे कदमों की धुंधली यादो पर,
अक्सर अश्रु बहाती है।
तू है या नहीं यह कशमकश मेरे,
अंदर तुझे तलाशने का,
जज्बा जगाते है।
हँसते हुए आँखे नम और रोते हुए,
तेरी कसमे मुझे,
ना जाने क्यो तड़पाती है।
तू न हाथ की लकीरों मे है,
न ही किस्मत मे।
एक हवा के रंगीन झोंके की तरह,
मुझे छूकर नस नस मे जुनून
भर कर,
ताउरम्र की बेचैनी देकर,
दिल के गहरे समंदर मे डूब गया।
यादो की चादर,अहसासों का तकिया,
लेकर तेरी कभी न खत्म होने वाली,
बातो के लिए पलकें बिछाये
नींद के।
इंतजार मे बैठे नैनो मे
सावन की झड़ी बहाते है।
दिल कहता है आओगे,
यकीन टूटने लगा।
मेरा दिल काँच की तरह टूटने लगा।
हम दिल से चोट खाये है।
जख्मो की नालिश कहाँ करवाये।
इस लिए तुझे ले कर हम तेरी
यादो की स्मृतियों मे
हमेशा के लिए डूब जाते है।

आकांक्षा रूपा चचरा
कटक, ओडिशा ।
www.womenexpress.in

छठ व्रत

सब नश्वर सा इस जग में जो
यह उदयअस्त भी है क्रम से
पर धरती की जीवन धारा
है अविरल दिनकर के श्रम से।
इसी काल चक्र की है पूजा
जिस को छठ व्रत हम कहते हैं
है स्त्रोत अपरिमित ऊर्जा का
हम सब जीवन में भरते हैं।

है प्राण तत्व का मूल वही
जग के यंत्रों का ईंधन वो
चलो अर्घ्य उन्हें हम देते हैं
उन्हें सविनय सा आभार कहो।
ढलते सूरज की पूजा भी
है करते हम भारतवासी
जो दिन भर जीवन देता था
कल फिर लौटे वो अविनाशी।

प्रत्यक्ष प्रकृति की पूजा
आश्रित है उसके नियमों पर
हम आए नदी के घाटों पर
थे आर्य बसे जिन के तट पर।
भूशयन,श्वास नियंत्रण से
अनुशासन रखते तन मन का
कुछ दीप जलाते आशा के
करें नाश तिमिर के शत्रु का।

जल अर्पित करते रवि को जो
खेतों में मिले वह वर्षा जल
हो धन धान्य पूरित वसुधा
हे देव करो जग का मंगल।

केला, गन्ना, नारियल ठेकुआ
प्रसाद जो चढ़ता मैया को
सब मेहनत अपने किसानों की
है मूल्य मिला उनके श्रम को।
है धर्म जाति से उपर उठ
करते पूरब के लोग सभी
इस व्रत में हाथ मिले सब के
बाभन हरिजन और मुस्लिम भी।

जो बढे समाजिक समरसता
सब के दिल मिलते घाटों पर
यह महापर्व उल्लासों का
मधुकर चल दो गंगा तट पर।

मधुकर वनमाली
सहायक विद्युत अभियंता
मुजफ्फरपुर, बिहार ।
www.womenexpress.in

महिमा छठ मईया की

उनकी ही तो अनुकंपा से
चलता है संसार
महिमाशाली छठ मईया की
महिमा अपरम्पार
कार्तिक माह में मईया जी
आती हैं भक्तों के घर
व्रतियों की झोलियां वो खुशियों
से देतीं है भर
तीन दिवस तक मां बसती है

भक्तों के घर आंगन में
मां का स्वरूप दिखता है

वातावरण के कण कण में
माता के महिमा को गाती
चलती हवा बयार
महिमाशाली छठ ....

नहायखाय से होती है मां के
पूजा की शुरुआत
खरना का आयोजन होता है
इसके अगली रात
फिर संध्या अर्घ्य को लोगों
का घाटों पर होता है जुटान
बच्चों में खुशहाली रहती
व्रतियां गाती मंगलगान
प्रातः अर्घ्य से माता की होती
विदाई हर बार
महिमाशाली....

तीन दिन के व्रत से व्रतियों के
चेहरे पर लाली आतीहै
इस व्रत से ही उनके घर
समृद्धि खुशहाली आती है

माता जग को खुशहाल रखना
हमसब यही मनाते हैं

सारे मिलकर श्रद्धा से माता की
महिमा गाते हैं
मां सुख समृद्धि खुशहाली
लेकर आती हैं हर बार
महिमाशाली ...

विक्रम कुमार
मनोरा, वैशाली ।
www.womenexpress.in

आईएसएल की सफलता कोरोना का डर कम करेगी: गांगुली

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

कोलकाता, 20 नवंबर । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष और फुटबॉल क्लब एटीके मोहन बागान के मालिक सौरभ गांगुली ने कहा कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) का सफल आयोजन लोगों के अंदर बड़ी खेल प्रतियोगिता नहीं करा पाने का डर खत्म करेगा। गांगुली ने आईएसएल के अधिकारिक हैंडल के लिए इंस्टाग्राम लाइव सत्र में कहा, ''यह बड़ा मौका होने जा रहा है क्योंकि लॉकडाउन के बाद भारत में इस तरह का पहला बड़ा खेल आयोजन होने जा रहा है। यह ढेर सारी अच्छी चीजों की शुरुआत करेगा क्योंकि सामान्य जनजीवन को वापस पटरी पर लौटने की आवश्यक्ता है। हमें अपनी जीवन से भय को अलग करने की जरूरत है।' गौरतलब है कि आईएसएल का पहला मुकाबला 20 नवंबर से एटीके

मोहन बागान और केरला ब्लास्टर्स फुटबॉल क्लब के बीच खेला जाएगा। उन्होंने कहा, ''लोगों को संक्रमित मरीजों से अधिक महामारी का डर प्रभावित कर रहा है। उदहारण के तौर पर लोग कहीं आने जाने से बच रहे हैं और हर चीज को असुरक्षा की भावना से देख रहे हैं। मेरे हिसाब से आईएसएल का सफल आयोजन इन सब भय से मुक्ति दिलाने में मदद करेगा।' बीसीसीआई अध्यक्ष गांगुली ने बीते 10 नवंबर को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 'बायोबबल' में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सफल आयोजन की निगरानी की थी और उन्होंने घोषणा की है कि बोर्ड एक जनवरी से घरेलू सत्र आयोजन कराने पर विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, ''आईएसएल की सफलता और बाकी खेलों खासकर क्रिकेट के घरेलू सत्र के आयोजन को प्रेरित करेगा। हम नए वर्ष में इसकी शुरुआत करने पर विचार कर रहे हैं। घरेलू सत्र में 38 टीमें हैं लेकिन अगर आईएसएल बिना किसी रुकावट के संपन्न हो गया तो इससे हमारे अंदर एक सुरक्षा की भावना पैदा होगी।' कोलकाता से ताल्लुक रखने वाले गांगुली ने आईएसएल के भविष्य को लेकर कहा, ''हमें धीरेधीरे आईएसएल को व्यापक बनाना होगा और आप इस खेल को 10 वर्ष दीजिए। आप आईएसएल को 10 वर्ष दीजिए और फिर परिणाम पर बात करिए।

अनुपम खेर के एक्टिंग एक्सपर्ट बेटे को नहीं मिल रहा काम

सोशल मीडिया पर की अपील, इंस्टा यूजर्स ने बताया जबरदस्त एक्टर

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

मुंबई, 20 नवंबर । बॉलीवुड के बेहतरीन अदाकारों में शामिल किए जाने वाले अनुपम खेर के बेटे अभिनेता सिकंदर खेर को काम की तलाश है। सिकंदर खेर हाल ही में डिज्नी प्लस हॉट स्टार की वेबसीरीज 'आर्या' में दिखाई दिए थे। 'आर्या' के बाद सिकंदर खेर एक और वेब सीरीज और फिल्म में नजर आएंगे, वहीं सिकंदर खेर का कहना है कि उनके पास काम नहीं है उन्हें काम चाहिए। सिकंदर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसके जरिए उन्होंने अपने लिए काम मांगा है। सिंकदर ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो भी शेयर की है, इस पिक में सिंकदर काफी परेशान नजर आ रहे हैं, इस पिक के साथ सिंकदर ने इंडस्ट्री से काम की डिमांड

की है, फोटो शेयर करते हुए सिकंदर ने लिखा है, 'मुझे काम चाहिए, हंस भी सकता हूं'। सिकंदर खेर की इस पोस्ट पर लोग इस मजाक मान रहे हैं, कुछ लोगों ने उनके अभिनय की तारीफ भी की है। सिंकदर के एक फैन ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है, 'सर जहां तक मैं जानता हूं अमिताभ बच्चन के बाद फिलहाल आप सबसे बिजी एक्टर हैं'। इस कमेंट पर सिंकदर ने जवाब देते हुए लिखा है, 'क्या आप चाहते हैं कि मैं चुल्लू भर पानी में डूब मरूं'।

वहीं अन्य इंस्टा यूजर्स ने वेब सीरीज 'मुम भाई' और 'आर्या' में उनके अभिनय की तारीफ की है, जिसके रिप्लाई में सिंकदर ने दोनों फैंस को धन्यवाद कहा है। आपको बता दें कि सिकंदर आर्या के अलावा हाल ही में रिलीज हुई जी5 की सीरीज 'मुम भाई' में भी नजर आए हैं। इसके अलावा एक्टर अक्षय कुमार अभिनीत रोहित शेट्टी की फिल्म 'सूर्यवंशी' में भी नजर आएंगे। ये फिल्म अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज होगी।

रोहित की अनुपस्थिति से हमें मदद मिलेगी लेकिन राहुल भी अच्छा खिलाड़ी है- मैक्सवेल

मुंबई, 20 नवंबर । आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल का मानना है कि आगामी सफेद गेंद की श्रृंखला में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति उनकी टीम के लिये काफी अच्छी चीज है लेकिन साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी जगह को भरने के लिये लोकेश राहुल भी उतने ही अच्छे खिलाड़ी हैं। राहुल सफेद गेंद की श्रृंखला में उप कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे क्योंकि नियमित उप कप्तान रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट से उबर रहे हैं। मैक्सवेल ने श्रृंखला के अधिकारिक प्रसारक सोनी के साथ बातचीत के दौरान कहा, ''वह (रोहित) एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी है, वह सलामी बल्लेबाज के तौर पर निरंतर अच्छा रहा है जिसमें उसने दो (तीन) दोहरे शतक जमाये हैं। इसलिये अगर वह आपके खिलाफ लाइनअप में नहीं हैं तो यह काफी सकारात्मक बात है।'' तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 27 नवंबर से शुरू होगी

जिसके बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली जायेगी। मैक्सवेल के लिये लोकेश राहुल भी 'बैकअप' के तौर पर काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन भारत के पास फिर भी अच्छा 'बैकअप' है जो उस भूमिका को निभाने में योग्य है। हमने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान लोकेश राहुल का प्रदर्शन देखा। वह पारी का आगाज करे या नहीं, मुझे पूरा भरोसा है कि वह भी उतना ही अच्छा खिलाड़ी होगा।'' रोहित की अनुपस्थिति में उम्मीद है कि शिखर धवन के साथ मयंक अग्रवाल पारी का आगाज करें क्योंकि राहुल के मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने की उम्मीद है। हालांकि मैक्सवेल को अग्रवाल और राहुल की सलामी जोड़ी काफी पसंद है जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के पहले चरण के दौरान काफी अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि वे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे विकेट के चारों ओर रन जुटाते हैं और उनकी कमजोरियां भी काफी कम हैं।''

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी पहुंचे रोहित

बेंगलुरु । यूएई में आईपीएल खिताब जीतकर घर लौटने के एक सप्ताह बाद सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा गुरूवार को बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) पहुंच गए। रोहित यूएई में आईपीएल के अंतिम दौर में पूरी तरह फिट नहीं होने के बावजूद खेले थे और उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांचवीं बार चैंपियन बनाया था।

उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट है। बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरभ गांगुली ने बाद में कहा था कि रोहित 70 फीसदी फिट थे। रोहित ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गयी भारतीय टीम के साथ नहीं गए हैं। रोहित को ऑस्ट्रेलिया दौरे में वनडे और टी20 सीरीज से विश्राम दिया गया है जबकि उन्हें 17 दिसम्बर से शुरू होने वाली चार टेस्टों की सीरीज में शामिल किया गया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि रोहित एनसीए अपना रिहैबिलिटेशन पूरा करने आये हैं या फिर फिटनेस टेस्ट देने आये हैं।

'थलाइवी' के साथ-साथ 'धाकड़' की तैयारियों में भी जुटी कंगना

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

मुंबई, 20 नवंबर । अभिनेत्री कंगना रनौत इन दिनों अपने काम को लेकर काफी व्यस्त चल रही है। सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने वाली कंगना रनौत इन दिनों हैदराबाद में फिल्म 'थलाइवी' की शूटिंग कर रही है। इसी बीच उन्होंने अपनी दूसरी फिल्म 'धाकड़' की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसकी जानकारी खुद कंगना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर दी। कंगना ने ट्विटर पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'मुझे मल्टीटास्क करना पसंद नहीं है, लेकिन इन दिनों मुझे फिर से अपने शुरुआती दिनों की तरह काम करने की जरुरत है एक घोड़े की तरह, इसलिए फिल्म 'थलाइवी' के साथ ही मैंने 'धाकड़' के एक्शन सीन की रिहर्सल भी शुरू कर दी है। इन

तस्वीरों में से एक में कंगना एक्शन सीन की प्रैक्टिस करती दिखाई दे रही हैं एवं दो अन्य में वह अपने सहयोगियों व फिल्म से जुड़े लोगों के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं। फिल्म 'धाकड़' में कंगना एक्शन अवतार में नजर आयेंगी। फिल्म 'धाकड़' इसी साल दिवाली पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन देश में लगे लॉकडाउन की वजह से फिल्म की शूटिंग अधूरी रह गई। फिल्म का निर्देशन रजनीश घई कर रहे हैं और निर्माता सोहेल मकलई हैं। वहीं निर्देशक ए.एल विजय के निर्देशन में तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री व अभिनेत्री जयललिता की बायोपिक 'थलाइवी' में जयललिता का किरदार निभाती नजर आयेंगी। इसके अलावा कंगना निर्देशक सर्वेश मेवाड़ की फिल्म 'तेजस' में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगी।

मुझे किरदार में खो जाना पसंद है- तनुज विरवानी

मुंबई । अभिनेता तनुज विरवानी ने हाल ही में अपनी आगामी सीरीज तंदूर के लिए शूटिंग खत्म की, जिसमें वह रश्मि देसाई के विपरीत अभिनय करते नजर आएंगे। तनुज इसमें एक युवा महत्वाकांक्षी राजनेता के किरदार में नजर आने वाले हैं, जिसकी अपनी एक बुलंद आवाज है और वह चाहता है कि उसकी आवाज लोगों तक पहुंचे। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए तनुज कहते हैं, तंदूर एक ऐसी परियोजना है, जिस पर काफी लंबे समय से मेरी निगाहें टिकी थीं। बात जब लुक की आती है या लुक्स की आती है, तो चूंकि एक किरदार का अपना एक लंबा सफर होता है, तो मुझे सीरीज के लिए अलगअलग लुक्स के साथ आना काफी अच्छा लगा। मुझे किरदार में खो जाने की बात काफी पसंद है और बिना ज्यादा कुछ बताए या खुलासा किए बगैर सिर्फ इतना कहना कि इसमें कई अलग अलग लुक्स हैं।

फलसफे जिन्दगी के

लाख पर्दे में चुपके हैं बैठे कोई,
उनकी आवाज से उनको
पहचान लो।
खता जो करे वह पता भी ना हो,
उनके अंदाज से उनको अंजाम दो।
छिप गई मंजिले बन गए फासले,
गुफ्तगूं यूं करो लक्ष्य को जान लो।
जो दगा दे रहे हो सगे हैं बने,
देकर अक्स को उन्हें कोई ईमान दो।
नफरतें सियासतें हैं फैली हुई,
राज को छोड़ दो तुम कोई
बयान दो।
गुम हुई राहों पर, गुम हुए हैं राहगीर,
ताल कदमों से चल तुम कोई
मकाम दो।
जिंदगी यूं गजल और साज
बन गई,
ख्वाब से लबों पर तुम कोई
जुबान दो।
फिसला जो गुजरा वक्त लौट
न आएगा,
आने वाले कल को फिर नया
जहान दो।
हकीकत का दामन जरा थाम लो,
सोच के नाम दो तुम किसी से
काम लो।

प्रणाली श्रीवास्तव,
सहडोल, मध्य प्रदेश ।
www.womenexpress.in

कभी खुशियाँ न मिले गलत कामों से...

ज़िंदगी में हमें मिलेंगे, कई ऐसे
जीवंत किरदार,
जो कोशिश करेंगे हमें भी हो,
लालच का खुमार।
इसके लिए अनैतिक रास्तों पर,
चलने को कहेंगे,
ऐसे दूषित तत्त्वों से, सदैव ही
रहना होशियार।।
गलत रास्तों को अपनाने का,
न करना यूँ करार,
चारों तरफ मचा हुआ है, लूट
मार और भ्रष्टाचार।
आगे होने की होड़ में, अच्छा
बुरा कुछ न सोचते,
महज़ दिखावे की ज़िंदगी का,
चल रहा है प्रचार।।

अनैतिक कर्म कभी न करने
का लाएँ हम विचार,
अपनों के साथ ही दूजों के
साथ करें सद्व्यवहार।
अपने परिश्रम से कमा कर
खाई रोटी लगे मीठी,
रिश्वतखोरी का माल पूवा भी
लगता है बेकार।।

सत्पथ पर चलते रहने से,
निश्चित ही होगी विजय,
मेहनत कर सृजित धन के खर्च
से लगता न भय।
हम कर रहे जो परिश्रम, उस
पर रखें पूर्ण विश्वास,
निस्संदेह लक्ष्य पर विजित होने
में न होगा संशय।।

गलत तरीके से संचित धन,
ज़्यादा टिकता न भाई,
कभी न कभी तो हमें करना
होगा उसकी भरपाई।

जीवन में कभी खुशियाँ न
मिलती, गलत कामों से,
सदियों से सदैव बुराई पर,
भारी पड़ी है अच्छाई।।

लाल देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
बस्ती, उत्तर प्रदेश।
www.womenexpress.in

झाँसी वाली रानी

आओ चलें अमर इतिहास के
कुछ पन्ने पलटाते हैं,
आज हम झाँसी वाली रानी की
अमर गाथा सुनाते हैं।

काशी के ब्राह्मण कुल में
जन्मीं प्यारी मनु सुकुमारी थी,
बचपन से ही प्रिय खड्ग और
अश्व की सवारी थी।

शौर्य और वीरता की झलकती
अद्भुत कहानी थी,
खूब लड़ी अंग्रेजों संग वह तो
झाँसी वाली रानी थी।
अस्त्रों, शस्त्रों, वेदों और पुराणों
की वह ज्ञानी थी,
1857 की क्रांति में गोरों को
भगाने की ठानी थी।

होकर अश्व सवार रानी ने जब
तलवार उठायी थी,
रणक्षेत्र में अंग्रेजों की सेना
घुटनों पर आयी थी।

माँ जगदम्बा और दुर्गा काली
की वह अवतारी थी,
सुलग रही लक्ष्मी के मन में
स्वतंत्रता की चिंगारी थी।

यमुना तट पर अंग्रेजों संग खूब
लड़ी मर्दानी थी,
अंग्रेजों के मित्र राजाओं ने फिर
छोड़ी राजधानी थी।
बल मिलता है नारियों को
आपकी ही वीरता से,
आज भी प्रेरणा लेती दुनिया
बस आपकी धीरता से।

मैं हूँ इक नूतन रचनाकार,
लक्ष्मी आप हैं बड़ी महान,
कम पड़ जाते हैं शब्द, कैसे
करूँ मैं आपका गुणगान।

लिखूँ मैं कितना? आपकी
शौर्यगाथा है अविराम,
बस यहीं पर मैं देता हूँ अपनी
लेखनी को विराम।

नवनीत शुक्ल
हसवा, फतेहपुर ।
www.womenexpress.in

नई भोर का इंतजार

शब्दों की आत्मा लहूलुहान सी तड़प रही है। मनुष्यता के समुन्दर में उठती दहशती लहरों को लिखते है जब सुख़नवर त्रस्त समाज के सामयिक घटनाक्रमों की समीक्षा आलोचना करते।

कलम की नोक से बह रहे नीले आँसू में दबी दुःख पीड़ा संताप की प्रखर तपिश में उबलते शब्दों की रूह ज़ख्मी होते ज़ूलस रही है। वक्त के जबड़ों में दबोचे सामाजिक व्यवस्था की चाल की कथा महाग्रंथ की व्यथा बन जाती है।

अनगढ़ से सत्य असत्य का शोर शब्दों के माध्यम से लिखने का हुनर मुखारित करते वेदना लिखते तो है। पर कलम से शरारे उठते है शब्दों के देह में चिंगारी उठती है। जब समसामयिक तीरगी की गतिविधियों को अंजाम देते आलेखों में ढ़ालते है लेखक तब शाब्दिक पहरन तारतार होते है।

इस मौजूदा कलयुगी कालखंड के भीतर धड़कता शीशा पिघल रहा है। वक्त अपना एसा काला पहलू दिखा रहा है हर मन उद्वेलित और अवसाद सभर आभासित होते है। कौनसे किस्से पर लिखें एक घटना के पीछे दूसरी घटना काला मुँह लिए खड़ी है।

इंसानी करतूत उजागर करें या कुदरती कहर का अन्याय लिखें। सियासती संग्राम के किस्से लिखें या कॉरपोरेट जगत की साज़िशें फ़िल्म जगत की शतरंजी चाल लिखें या लोकतंत्र की महत्ता। रानाइयां ज़िंदगी की बदल चुकी है रंगीनियाँ कालिख़ में ढ़ल रही है। अखबारों के पन्नों पर घटनाओं के मेले में शब्दों की सरगम खो गई है।

एक नई भोर की तलाश में भटक रहा है कागज़, कलम, दवात लेखन के सारे इंतज़ामात।

लेखकों की ऊँगलीयां बेताब है लिखने संस्कारित शब्दों की माला में दुन्यवी गतिविधियों के खुशनुमा किस्से पिरोने को। ये समय की क्षितिज पर ठहरी स्याह रात ढ़ले तो सुनहरे समय का आफ़ताब रोशन हो पाएं।

भावना ठाकर
भावु, बेंगुलूरु ।
www.womenexpress.in

प्यार के रिश्ते

प्यार के रिश्तों का अहसास ।
होता है बड़ा खास ।
अनमोल होते हैं जो रिश्ते,
सदैव रहता है दिलों में उनका वास ।
विश्वास की मजबूत डोर से हैं बंधें ।
प्रेम और अपनत्व से मढ़े ।
ताउम्र महकते हैं वहीं रिश्ते,
जो बिन स्वार्थ के हैं गढ़े ।
प्यार के रिश्तें आसानी से नही मिलते ।
होते उसी के हैं जो दिल से हैं निभाते ।
अनदेखा न करना ऐसे रिश्तों को ,
जो दिलों जान से हैं तुम्हें चाहते ।

रश्मि वत्स
मेरठ (उत्तर प्रदेश)।

गन्ना पूजा

छन्न पकैया छन्न पकैया ,
बाजारों में जाते।
लम्बी लम्बी मोटी मोटी ,
मिलकर गन्ने लाते।।
छन्न पकैया छन्न पकैया , भीड़
लगी है भारी।
बाजारों में जाकर देखो ,
दिखती दुनिया सारी।।
छन्न पकैया छन्न पकैया ,
एकादशी मनाते।
सभी बनाते मिलकर मण्डप ,
तुलसी ब्याह रचाते।।
छन्न पकैया छन्न पकैया , दीपक
सभी जलाते।
नये नये पकवान बनाकर ,
खुशी खुशी सब खाते।।
छन्न पकैया छन्न पकैया ,
मिलकर गन्ने खाते।
झूम रहें हैं सारे बच्चे , घर घर
खुशियाँ लाते।।
छन्न पकैया छन्न पकैया, श्रद्धा
सुमन चढ़ाते।
मिट जाये सब संकट सारे ,
आशीर्वाद बढ़ाते।।

प्रिया देवांगन
कबीरधाम, छत्तीसगढ़ ।
www.womenexpress.in

क्या करे

रोज़ बढ़ती जा रही
इन खाइयों का क्या करें,
भीड़ में बढ़ती हुई
तन्हाइयों का क्या करें।
एक मौसम भूख का
जीते रहे जो उम्र भर,
वो मचलती रुत जवां
पुरवाईयो का क्या करे।
नाज़ तो समंदर को भी
कम न था अपने पर मगर,
ग़मज़दा नरगिसी आँखों की
उन गहराइयों का क्या करे।
मांगती है मुझसे से ही
जो मेरे होने का सबूत,
बदनुमा अपनी इन
परछाईयों का क्या करें।
है मोहब्ब्त बेशुमार
आज भी उससे,
मगर उसकी ही दी इन
रुसवाईयों का क्या करें।
सिरहाने रखे हुए जो
अनखुले से ख़्वाब है,
जो भोर है तो तू बता इन
जुगनुओं का क्या करें ।

डिम्पल तिवारी
अयोध्या, उत्तर प्रदेश ।
www.womenexpress.in

पाती फिर भी लिख न पाई

कागज कलम लेकर प्रियतम को
लिखने जो बैठी मैं पाती
मिलने को आतुर थी मैं
पल पल थी याद सताती
हरियाली चहुं ओर थी छाई
यादों के भंवरों में खोई
सच्ची प्रीत को समझे आशिक
और न समझे दूजा कोई
दिल की पीर वह क्या जाने
जिस को किसी से प्रीत न होई
प्रियतम मेरे याद में तेरी
दिल की धड़कन बढ़ जाती है
काम में मेरा दिल नहीं लगता
कुछ भी नहीं कर पाती हूँ
दूर दूर तक पंथ निहारूँ
अपना सब कुछ तुझ पर वारूँ
सुबह से यूंही शाम हो जाती
मन के भावों को कागज पर
उकेर न पाती
यह बावरा मन न माने
मन को न समझा पाई
दिन निकला अब रात हो गई
पाती फिर भी लिख न पाई

रवींद्र कुमार शर्मा
बिलासपर, हिमाचल प्रदेश।
www.womenexpress.in

हक है हर नारी का

हक़ है हर नारी का ,सम्मान
भरे श्रृंगार की ,
आदर और गर्व से सुसज्जित,
नज़रो के अलंकार की ,

शब्दों के सहारे नहीं , बर्ताव
से जताए हुए प्यार की ,
अपना पक्ष भी कर सके प्रस्तुत
,बिना किसी तकरार की,

कान खुले रखे सभी, जब बात
हो उसके अधिकार की,
मुहँ न मोड़े कोई ,जब बारी
आए उसके सपनो के साकार की,

ससुरालों में भी टपक जाए
कुछ बूंदे, मायके जैसे दुलार की,
ना झेलनी पड़ी जीवन की
यातनाएँ, अकेले ही संसार की,
हमसफ़र भी थामे जिम्मा,
जिम्मेदारियों के पतवार की ।

नंदिता माजी शर्मा
मुंबई, महाराष्ट्र ।
www.womenexpress.in

प्रेम का त्यौहार

प्रेम है चीज़ ऐसी जिसका
नहीं है कोई ओर
न ही मिला कोई छोर
ये रहे हरदम साथ मेरे
जैसे मेरी साँसों का शोर

कितनी अद्भुत और अनोखी
है इस प्रेम की माया
ये समझ मुझे तब आया
जब तुम्हारी आँखों को
मैंने मुस्कराते पाया
अब तो इस प्रेम का आवरण
मेरे ऊपर है कुछ ऐसा
जैसे अपनी ही हो दूजी काया

कैसा चमत्कृत और दिव्य
है इस प्रेम का भाव
ये समझ मुझे तब आया
जब जिन्दगी की तपती रेत पर
इस प्रेम की बूंदों से
शीतलता को मैंने पाया

प्रिय यह है ऐसा प्यार
जिसमें मेरे साथ
तुम भी हो इक किरदार
अब चाहे हो बत्तीस या
फिर पचास के पार
बस सालदरसाल मनाते रहें युहीं
यह प्रेम का त्यौहार

नरेश माटिया
दिलशाद गार्डन, नई दिल्ली ।
www.womenexpress.in

माँ...दुनिया की सबसे अच्छी माँ

माँ काश आज तुम साथ होतीं.....14 नोवेम्बर 2003...17 साल पहले अपनी 17 साल की इकलोती बेटी को तुम ईश्वर के पास छोड़कर चलीं गईं....काश ईश्वर के घर फ़ोन होता तो में तुमसे एक आख़िरी बार बात कर पाती...काश तुम्हें ये बता पाती की तुम्हारे बिना में कितनी अकेली हूँ....तुम्हारा डाँटना.. तुम्हारा अथाह प्यार याद आता हे हमेशा....पर तुम चिंता मत करना माँ...पापा ने 17 वर्ष से तुम्हारी कमी महसूस न हो उसके लिए बोहोत तपस्या की हे!

काश तुम आज होतीं तो आँखो से आँसू कभी नहीं निकलते,कभी दर्द से डर नहीं लगता!! आज तुम्हारी 6 साल की नातिन लिली पूछती हे कि भगवानजी को में बोलूँगी तो नानी वापिस आ जयेंगी क्या....तुम्हारे हाथ का खाना...तुम्हारे हाथ के आचार पापड़ सबकुछ माँ...स्वाद अभी भी मेहसूस करती हूँ में माँ...तुम्हारी मेरे लिए हर पल चिंता मुझे बोहोत याद आता हे माँ.....तुम्हारी जगह तो भगवान भी नहीं ले सकते माँ...आप जहां भी हो माँ वहाँ से मुझे देखतीं होंगी ना...में आपको अपने साथ हमेशा महसूस करती हूँ...अपना आशीर्वाद मुझपर बनाए रखना माँ और मेरी चिंता मत करना...में ठीक हूँ माँ.....

डॉक्टर मिली भाटिया
www.womenexpress.in

एक नजर

सहारा की कंपनियों से 62 हजार करोड़ के भुगतान के लिए सेबी पहुंचा न्यायालय

नई दिल्ली,। सहारा समूह की दो कंपनियों से 62,602.90 करोड़ रूपए के भुगतान के निर्देश के लिये बाजार नियामक सेबी ने उच्चतम न्यायालय में आवेदन दायर किया है। सेबी ने कहा है कि अगर ये कंपनियां न्यायालय के पहले के आदेशों पर अमल करते हुये इस धनराशि का भुगतान करने में विफल रहती हैं तो सहारा समूह के मुखिया सुब्रत राय को हिरासत में लिया जाना चाहिए।

सेबी ने कहा है कि अवमाननाकर्ता रॉय और उनकी दो कंपनियांसहारा इंडिया रियल इस्टेट कार्पोरेशन लि और सहारा हाउसिंग इंवेस्टमेन्ट कार्पोरेशन लि निवेशकों से एकत्र की गयी सारी राशि ब्याज के साथ जमा कराने के बारे में न्यायालय के विभिन्न आदेशों का 'घोर उल्लंघन' कर रहे हैं।

सीयूजी नम्बर की हर कॉल खुद रिसीव करें डीएम, पुलिस कप्तानः मुख्यमंत्री

जन समस्याओं के निराकरण में हीलाहवाली पड़ेगी भारी

(विशेष संवाददाता)

लखनऊ, 20 नवंबर जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को अपने सरकारी मोबाइल (सीयूजी) नम्बर पर आने वाली हर कॉल खुद रिसीव करनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी डीएम, एसपी और एसएसपी को निर्देश दिए हैं कि जन समस्याओं को पूरी गंभीरता से लें।

उनके कार्यालय से कोई भी फरियादी निराश होकर न लौटे। डीएम और पुलिस कप्तान अपने सीयूजी नम्बर पर आने वाली हर फोन कॉल का जवाब जरूर दें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से अमल में लाना होगा। अगले एक सप्ताह में मुख्यमंत्री कार्यालय से औचक फोन कर अधिकारियों की कार्यशैली की हकीकत की पड़ताल की जाएगी। सीएम योगी ने गैर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के लिए उच्चाधिकारियों को भी निर्देशित किया है। जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निदान के संबंध में जारी मुख्यमंत्री के ताजा आदेश में कहा गया है कि जिले में तैनात अधिकारी अपने कैम्प ऑफिस की अपेक्षा कार्यालय में अधिक से अधिक समय दें। कोई भी व्यक्ति जो अपनी समस्या लेकर आता है, उससे मर्यादित व्यवहार करें। उनकी समस्या को सुनें और स्थाई समाधान के लिए उचित कदम उठाएं। सीएम योगी ने कहा है कि सरकार जनता के लिए है, ऐसे में जनता की सुविधा, उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता में है। जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ अधिकारीगण अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से डीएम, एसपी और एसएसपी की कार्यशैली की सतत निगरानी की जाएगी।

मोदी सरकार सेंट्रल PSU कर्मचारियों का DA बढ़ाने की बजाए फ्रीज कर रहीः राहुल गांधी

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर से केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्विटर कर कहा है कि सरकारी कर्मचारियों के हालत खराब हैं, तो वहीं दूसरी और पूंजीपति मित्र मुनाफा कमाने में मस्त हैं। गांधी ने कहा है कि, खाद्य पदार्थ की महंगाई दर 11.1% पार! लेकिन मोदी सरकार सेंट्रल **PSU** कर्मचारियों का **DA** बढ़ाने की बजाय फ्रीज कर रही है। सरकारी कर्मचारियों की हालत पस्त,पूंजीपति 'मित्र' मुनाफ़ा कमाने में मस्त! मोदी सरकार को राहुल गांधी पहले भी कई मुद्दों पर घेरते रहे हैं। उन्होंने केन्द्र की मोदी सरकार पर खराब आर्थिक हालत, नोटबंदी और कोरोना के बढ़ते मामलों समेत कई मुद्दों को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार के गलत समय पर लिए गलत निर्णयों के कारण अर्थव्यवस्था की यह हालत हुई है। वहीं कल उन्होंने कोरोना के मढ़ते मामलों पर सरकार को घेरा था। गांधी ने ट्वीट किया था कि मोदी

सरकार का रिपोर्ट कार्ड - कोरोना मृत्यु दर में सबसे आगे,जीडीपी दर में सबसे पीछे। कोरोना के कारण पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था संकट के दौर से गुजर रही है। भारत की स्थिति भी खराब बनी है। पिछले दिनों ऐसी कई रिपोर्टें आयी थीं जिनके अनुसार देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बीते साल की तुलना में 8.6 प्रतिशत घटने का अनुमान है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने पहले ही अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी में 9.5 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि स्थितियों को सामान्य होने में वक्त लगेगा लेकिन वह सुधरेंगी। अब संकुचन की दर भी कम हो रही है और स्थितियों के बेहतर होने की उम्मीद की जा रही है। लॉकडाउन के बाद अब केंद्र सरकार ने अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छोटे और मंझोले कारोबारियों के साथ ही देश में कारोबारियों और लघु एवं मध्यम उद्योगों को तगड़े घाटे का समना करना पड़ रहा है। भारत के साथ ही अन्य देश भी अपनी अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

विजय रूपाणी ने लॉकडाउन से किया इनकार, कर्फ्यू केवल अहमदाबाद शहर में

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

अहमदाबाद, 20 नवंबर । ऐसे में जब कोविड19 के मामलों में बढ़ोतरी के बाद अहमदाबाद शहर में 57 घंटे के कर्फ्यू की तैयारी है, गुजरात सरकार ने शुक्रवार को कोरोना वायरस के प्रसार पर रोक के लिए राज्य में ताजा लॉकडाउन से इनकार किया।

गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने कहा कि उनकी सरकार राज्यव्यापी लॉकडाउन पर विचार नहीं कर रही है। रूपाणी ने कहा कि राज्य के वाणिज्यिक केंद्र अहमदाबाद में कोरोना वायरस मामलों में अचानक वृद्धि के बाद''सप्ताहांत का कर्फ्यू'' केवल अहमदाबाद शहर में ''एहतियाती उपाय के रूप में'' शुक्रवार रात से लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा, ''फिलहाल गुजरात में लॉकडाउन लगाने का कोई सवाल ही नहीं है। हमने शनिवार और रविवार को अहमदाबाद शहर में एक सप्ताहांत कर्फ्यू लागू करने का फैसला किया है।'' रूपाणी ने बनासकांठा जिले के अंबाजी में संवाददाताओं से कहा कि इसके अलावा, पुलिस को उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है जो फेस मास्क के बिना घूमते और सामाजिक दूरी बनाये रखने के नियमों का उल्लंघन करते पाये जाएंगे। अहमदाबाद शहर में कोविड 19 के मामलों में वृद्धि के बाद इसके प्रसार को रोकने के लिए प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को नगरपालिका सीमा में शुक्रवार रात से 57 घंटे का कर्फ्यू लगाने की घोषणा की थी।

अहमदाबाद शहर में कर्फ्यू शुक्रवार रात नौ बजे (20 नवंबर) से शुरू होगा और सोमवार (23 नवंबर) को सुबह छह बजे समाप्त होगा। अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसके द्वारा संचालित 600 सिटी बसें कर्फ्यू की अवधि के दौरान नहीं चलेंगी। एएमसी ने घोषणा की थी कि इस ''पूर्ण कर्फ्यू'' के दौरान, केवल दूध और दवा की दुकानें खुली रहेंगी। एएमसी की विज्ञप्ति के अनुसार, सोमवार से शहर में रात नौ बजे से सुबह 6 बजे तक रोजाना रात का कर्फ्यू अगले आदेश तक लागू होगा। अहमदाबाद शहर में इस महीने की शुरुआत से कोरोना वायरस के मामलों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

संविधान में बंगाल में हो रही हिंसा से निपटने के कई प्रावधान मौजूद हैंः बाबुल सुप्रियो

कोलकाता, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। केन्द्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो ने शुक्रवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस को ''मतदाताओं को डरानाधमकाना'' बंद करना चाहिए, अन्यथा संविधान में इससे निपटने के प्रावधान मौजूद हैं। सुप्रियो ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में 130 से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या की गई है।

उन्होंने एक स्थानीय समाचार चैनल को कहा, ''तृणमूल कांग्रेस को अपने तौरतरीके बदलने चाहिए। चुनाव में अब कुछ महीने ही बचे हैं। अगर तृणमूल के सदस्यों को लगता है कि वे मतदाताओं को डरा धमका सकते हैं और राजनीतिक हिंसा कर सकते हैं, तो संविधान में इससे निपटने के प्रावधान मौजूद हैं।''

सुप्रियो ने दावा किया कि राज्य के लोगों ने विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है। यहां चुनाव अगले साल अप्रैलमई में होने हैं। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि तृणमूल को सत्ता में लाने वाले लोग अब लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ही वर्तमान सरकार को गिराएं।''वहीं, तृणमूल ने कहा कि सुप्रियो ऐसा कहकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का संकेत दे रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत रॉय ने कहा, ''अगर वह राज्य में धारा 356 लगाने का संकेत दे रहे हैं, तो वह पहले उत्तर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की बात करें, जहां कानून के शासन का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है।''

जनता को गुमराह कर रही है भाजपा और टीआरएसः कांग्रेस

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

हैदराबाद (तेलंगाना), 20 नवंबर । कांग्रेस नेता और सांसद रेवंत रेड्डी ने कहा है कि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में लाभ उठाने के लिए सत्ता पक्ष तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह कर रही है। शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय गांधी भवन में अन्य नेताओं के साथ संवाददाताओं से संबोधित करते हुए रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय चुनाव के दौरान भ्रामक आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीआरएस और भारतीय जनता पार्टी दोनों मजलिस की आड़ में परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन तीन दलों को एक ही एजेंडा है, कांग्रेस को कमजोर करना। इसके लिए यह दल एक दूसरे के सहयोग करते हुए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मजलिस पार्टी पर आरोप लगाया कि देशभर की कहीं भी चुनाव

होंगे तो भाजपा को लाभ दिलाने के लिए मजलिस अपना सहयोग देती है। महाराष्ट्र और बिहार के चुनाव परिणाम इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी के जेल जाने पर भाजपा के विधायक रघुनंदन राव ने उनकी जमानत करवाई की थी। मतलब भाजपा और मजलिस में पर्दे के सामने कुश्ती और पीछे दोस्ती है। सांसद रेड्डी ने सत्ता पक्ष टीआरएस की जमकर खिंचाई करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री केसीआर आज मोदी सरकार की आलोचना कर रहे हैं लेकिन पिछले 6 वर्षों से वे मोदी सरकार के सभी कार्यक्रमों का समर्थन करते रहे हैं। हैदराबाद में विकास कार्य कांग्रेस सरकारों के कार्यकाल में होने का दावा करते हुए सांसद ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी बस्ती हमारा बलदिया हमाराष् नारा को लेकर निगम का चुनाव लड़ रही है। टीआरएस सरकार ने हैदराबाद के विकास के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठाया। हाल ही में भारी वर्षा और बाढ़ से उत्पन्न परिस्थितियों को निपटने में टीआरएस सरकार असमर्थ साबित हो चुकी है।

न्यायालय यूपीआई डेटा से संबंधित याचिका पर 23 नवंबर को सुनवाई करेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्यसभा सदस्य बिनय विश्वम द्वारा दायर याचिका पर 23 नवंबर को सुनवाई करेगा। याचिका में रिजर्व बैंक को नियमन तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि 'यूपीआई प्लेटफार्म' पर एकत्र डेटा का भुगतान प्रक्रिया के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिये इस्तेमाल नहीं हो। यह मामला सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना एवं न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ के समक्ष आया। पीठ ने इसे अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। न्यायालय ने 15 अक्टूबर को याचिका पर केंद्र, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) और गूगल इंक, फेसबुक इंक, व्हाट्सएप और अमेजन इंक सहित अन्य से जवाब मांगा था।

गंगा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नदियों में एकः केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

जोधपुर, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि स्वच्छ गंगा मिशन की तरह सरकार अन्य नदियों की सफाई को लेकर योजना बना रही है। गंगा नदी आज दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नदियों में शामिल हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गंगा विगत छह साल में स्वच्छ हुई है। पहले कहा जाता था कि राम तेरी गंगा मैली हो गई, लेकिन मैं पूरे गर्व के साथ कह सकता हूं कि गंगा ढाई हजार किलोमीटर लंबाई की दुनिया की सर्वश्रेष्ठ नदियों में से एक बनकर उभरी है। यह आज सभी मानकों पर खरी उतरती है। उन्होंने कहा कि हमारा देश पानी की कमी वाला देश नहीं है। हमें ठीक से जल प्रबंधन करने की आवश्यकता है, क्योंकि प्रकृति आज भी हमें 4 हजार बिलियन क्यूबिक मीटर पानी दे रही है। हमारे यहां 1000 मिमी अवरेज रेन फॉल होता है। दुनिया के बहुत बड़े भूभाग से ज्यादा पानी हमें मिलता है, लेकिन प्रबंधन की कमी, बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के कारण जल का विषय निश्चित रूप से चुनौतीपूर्ण है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जैसी प्रधानमंत्री जी की सोच है, हमेशा ही जिस तरह से उन्होंने अपने मार्गदर्शन में कहा कि जब कोई भी बड़ा विषय जनजन का विषय बन जाता है, जनांदोलन बन जाता है, समाज उसे अपने आप अपने कंधों पर उठाकर अपना लेता है तो जनांदोलन की सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

बलात्कार पीड़िता ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

चित्रकूट (उप्र), 20 नवंबर । जिले के मारकुंडी थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक पर शादी का झांसा देकर बलात्कार करने और फिर गर्भपात कराने का मामला दर्ज कराने वाली एक 21 वर्षीय छात्रा ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। पीड़िता ने सुसाइड नोट में ग्रामीणों के तानों से परेशान होकर और आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षुब्ध होकर यह कदम उठाने का जिक्र किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि छात्रा ने मारकुंडी थाने में 13 नवंबर को गांव के युवक सुरेंद्र दुबे के खिलाफ शादी का झांसा देकर बलात्कार करने और उसके चार परिजनों पर आठ माह पूर्व शादी की बातचीत के बहाने अपने घर बुलाकर जबरन गोलियां खिलाकर गर्भपात कराने का मामला दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि 21 वर्षीय छात्रा ने बुधवार को अपने घर में दुपट्टे से

फांसी का फंदा कसकर आत्महत्या की कोशिश की। लेकिन परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर उसे बचा लिया। अधिकारी ने बताया कि लड़की ने यह कदम उठाने से पूर्व एक सुसाइड नोट भी लिखा है, जिस पर उसने ग्रामीणों के तानों से परेशान होकर और पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी न किये जाने से क्षुब्ध होने पर आत्महत्या किये जाने का जिक्र किया है। यह सुसाइड नोट पुलिस के पास है। मारकुंडी के थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रमेशचन्द्र ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने बुधवार को बेहोशी की हालत में छात्रा को इलाज के लिए मानिकपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती करवाया है। अब उसकी हालत खतरे से बाहर है, फिलहाल अभी इलाज चल रहा है। एसएचओ ने बताया कि छात्रा द्वारा आरोपित सुरेंद्र दुबे और उसके परिवार के चार अन्य सदस्य घर से भागे हुए हैं, उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। मामले की जांच मऊ के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सुबोध गौतम कर रहे हैं।'

पर्यावरण के नये मानकों के कार्यान्वयन के लिए एनटीपीसी दादरी को पुरस्कार

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

दादरी। एनटीपीसी दादरी को पर्यावरण मंत्रालय द्वारा निर्धारित पर्यावरण के नये मानकों के लागू किये जाने की उत्कृष्टता के आधार पर उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार विगत दिनों मिशन एनर्जी फाउंडेशन, मुंबई द्वारा वर्चुअल प्लेटफार्म पर एनटीपीसी दादरी को दिया गया। पुरस्कार की ट्रॉफी पर्यावरण प्रबंधन समूह के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समूह महाप्रबंधक सी शिवकुमार को सौंपी गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों में अनमोल अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक, पर्वत लाल, उप महाप्रबंधक एवं बी एस मीना, उप महाप्रबंधक भी उपस्थित थें। ज्ञातव्य हो कि एनटीपीसी दादरी में पर्यावरण मंत्रालय द्वारा निर्धारित पर्यावरण संबंधी नये मानकों को लागू कर वर्तमान में उपलब्ध उपकरणों में मॉडिफिकेशन कर कुछ नये उपकरण (ड्राई सारबेंट इंजेक्शन) लगाये गये है। साथ ही प्लांट प्रचालन में बेस्ट आपरेशनल प्रैक्टिसेज को भी अपनाया गया है जो कि पर्यावरण संरक्षण हेतु आवश्यक हैं।

घाट-घाट दिखी छठ की छटा

डूबते सूर्य को श्रद्धालुओं ने नमन कर दिया अर्घ्य

(सुरेश गांधी)

वाराणसी। कांच ही बांस के बंहगिया, बहंगी लचकत जाए... सूर्योपासना के पावन पर्व छठ के मौके पर तीनों लोकों में न्यारी बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की फीजा में यह छठ का पारंपरिक गीत रच बस गया। शुक्रवार को अस्ताचगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देने के लिए नदी घाट व सरोवरों की ओर बढते कदम और हर जुबान पर छठ मईया के गीत ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पूरा शहर छठ के रंग में सराबोर नजर आया। हर तरफ उत्साह का माहौल है। गंगा नदी के किनारे आस्था का अद्भुत नजारा देखा गया।

कोरोना संक्रमण के बावजूद बड़ी संख्या में लोग गंगा व नदी घाट पहुंचे और छठ पूजन कर छठ मैया के गीत गाते हुए व्रती महिलाओं ने दीप जलाकर अस्तलाचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। इस तरह पूरे असीम श्रद्धा व आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने भागवान भास्कर को पहला अर्घ्य अर्पित किया और अपने संतान की लंबी उम्र, समृद्धि व परिवार की खुशियों की मन्नत मांगी। इस दौरान कोरोना के तहत आवश्यक सावधानी रखी गई। छठ पूजन समिति और नगर निगम द्वारा घाट पर जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। शनिवार को महिलाओं द्वारा उगते सूर्य को अर्घ्य

दिया जाएगा। इसके साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। घाटों पर सुबह से ही आज नजारा आम दिनों से अलग हट कर था। दोपहर बाद छठ मइया के भक्त बड़ी संख्या में डाला उठाए गंगा समेत जल स्थलों की ओर कूच कर गए। सूर्य अस्त होते ही व्रतियों का सैलाब घाट पर उमड़ गया। सायंकाल घाटों पर छठ मइया के पावन गीत गाते, गुनगुनाते कमर भर जल में खड़े होकर भगवान सूर्य देव के डूबने का इंतजार किया। आसमान में जैसे ही डूबते सूर्य की लालिमा छाते ही सस्वर मंत्रों के बीच श्रद्धालुओं ने जलांजलि व दुग्धाजंलि समर्पित कर दिया। व्रतियों ने कमर तक पानी में पैठ कर भगवान सूर्य की प्रदक्षिणा भी की।

इस दौरान वरुणा का शास्त्री घाट, कंकड़वा घाट, गंगा के राजघाट, पंचगंगा घाट, सिंधिया घाट, भोसला घाट, पांडेय घाट, मीरघाट, डा. राजेंद्र प्रसाद घाट, दशाश्वमेध घाट, तुलसीघाट, केदारघाट, अस्सी घाट सामने घाट आदि पर अपार भीड़ लगी रही।

छठ पूजा 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर किसी भी आपदा से निपटने के लिए NDRF के बचावकर्मी पूरी तरह मुस्तैद रहे

(वूमेन एक्सप्रेस ब्युरो)

पटना । कार्तिक छठ पूजा 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर आपदा से निपटने के लिए एनडीआरएफ के बचावकर्मी मुश्तैदी से तैनात रहे। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर आज 9वीं बटालियन एनडीआरएफ बिहटा के 650 से अधिक बचावकर्मी 110 रेस्क्यू बोट के साथ विजय सिन्हा, कमाण्डेंट के निगारानी में बिहार राज्य के पटना के गंगा नदी के अलग अलग घाटों के अलावे भोजपुर, बक्सर, सुपौल, दरभंगा तथा सारण जिलों में तथा 02 टीमें रॉची एवं 01 टीम देवघर (झारखण्ड) में दोपहर से देर शाम तक नदी व घाटों पर हर तरह के संभावित खतरों से निपटने के लिए अत्याधुनिक बाढबचाव उपकरणों के साथ मुश्तैदी से तैनात रहे।

विजय सिन्हा, कमाण्डेंट, 9वीं बटायिलन एनडीआरएफ ने बताया कि हमारे प्रशिक्षित बचावकर्मी छठ पूजा 'संध्या अर्घ्य' के अवसर पर अलगअलग नदी घाटों पर लोगों को हर संभव मदद करने के लिए तत्पर रहे तथा रेस्क्यू बोट से पेट्रोलिंग करते हुये मेगाफोन और सिटी के माध्यम से स्नान कर रहे श्रद्धालुओं को बैरेकेटिंग के अन्दर ही स्नान करने का अनुरोध करते दिखे ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। देर शाम तक एनडीआरएफ की 03 जलीय एम्बुलेंस मेडिकल स्टाफ के साथ पटना गंगा नदी घाटों के किनारे पेट्रोलिंग करती रही ताकि जरूरत पडने पर लोगों को तुरनत चिकित्सा मदद मुहैया कराया जा सके। गंगा नदी घाटों पर स्थापित मेडिकल बेस कैम्प पर एनडीआरएफ के चिकित्सा अधिकारी तथा अन्य मेडिकल स्टाफ द्वारा जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सहायता मुहैया कराया गया। कमाण्डेंट श्री विजय सिन्हा तथा एनडीआरएफ के अन्य अधिकारी बोट पेट्रोलिंग के माध्यम से पटना में गंगा नदी के अलगअलग घाटों पर जाकर स्वयं नजर बनाये रखे तथा एनडीआरएफ बचावकर्मियों के हौसला अफजाही करते हुये नजर आये। इस साल पटना में एनडीआरएफ द्वारा 75 रेस्क्यू बोटों के अलावा लकडी के नावों का भी ऑपरेशनल इस्तेमाल किया जा रहा है। खतरनाक घाटों पर लकड़ी के नावों पर एनडीआरएफ के बचावकर्मियों को लाइफब्वॉय व मेंगाफोन के साथ तैनात किया गया है।

9वीं बटालियन एनडीआरएफ की टीमें कल सूर्योदय अर्घ्य के दिन छठ व्रत् समाप्ति तक गंगा नदी घाटों पर तथा नदी के किनारे बोटों पर लगातार श्रद्धालुओं की निगरानी करेगी ताकि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार के अप्रिय घटना को रोका जा सके।

नैनी (प्रयागराज) कार्यालय
नैनी स्टेशन के सामने
प्रभारीः
सुजीत चौरसिया
Mo- 9451251066

वूमेन एक्सप्रेस
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक **सुनील पाण्डेय** ने आदित्य ग्राफिक्स **INC**, प्रताप भवन, 5 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली–1 से मुद्रित व **ई–4/168,** गली नंबर–6, सागर मार्केट, साढे 4 पुस्ता, सोनिया विहार दिल्ली–94 से प्रकाशित किया।
RNI.DELHIN / 2013/ 48606
मो.– 07042999974
टेली– 09013 518 518
www.womenexpress.in
thewomenexpress@gmail.com

वूमेन एक्सप्रेस

दिल्ली में भयावह हो रहा कोरोना, मौत का आंकड़ा 8 हजार के पार 118 लोगों की मौत

दिल्ली-कोलकाता रेल मार्ग पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का 341 किलोमीटर का खण्ड जल्द होगा शुरू

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली/टुंडला । भारतीय रेलवे के मुख्य रेल मार्ग नई दिल्ली से कोलकाता मार्ग पर इस महीने से रेलगाड़ियों की रफ्तार तेज हो जाएगी। इस रूट पर बन रहे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (पूर्वी मालवाहक गलियारा) का 341 किलोमीटर का पहला खंड शुरू होने जा रहा है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। इसके बाद खुर्जाभादन खंड पर वाणिज्यिक यातायात प्रारंभ हो जाएगा।

डीएफसीसी के एमडी आरएन सिंह ने शुक्रवार को इस रेल मार्ग का विशेष मुआयना किया। वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पूर्वी फ्रेट कॉरिडोर के इस 341 किमी लंबे खंड के एक प्रमुख हिस्से का का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सिंह ने बताया कि हावड़, कोलकाता की ओर से आने वाली मालगाड़ियां कानपुर के नजदीक भाऊपुर से फ्रेट कॉरिडोर में प्रवेश करेंगी और खुर्जा तक इस पर चलने के बाद पुनः रेलवे के ट्रैक पर चली जाएंगी। इससे कई घण्टे का समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि फेज2 के तहत दिसंबर अंत में भाऊपुर से सुजातपुर तक यातायात खोला जाएगा। जबकि मार्च में पश्चिमी कॉरिडोर पर रेवाड़ी से पालनपुर के बीच 600 किमी लंबा सेक्शन खुल जाएगा। इससे मालगाड़ियां 15 घन्टे में एनसीआर से जेएनपीटी पहुंचने लगेंगी। अगले 3 साल में उत्तर प्रदेश के पूरे इलाके का स्वरूप बदल जायेगा। उन्होंने कहा कि कोविड19 के कारण काम में 6 माह का विलंब हुआ लेकिन शीघ्र ही कवर कर लिया जाएगा। बता दें कि डेडिकेटेड कॉरिडोर की कई बातें नई हैं। इसमें डबल डेकर मालगाड़ियों को 100 किमी की रफ्तार पर खींचने के लिए हर 80 किमी की दूरी पर 25म2

केवी ट्रैक्शन ट्रांसफार्मरों वाले सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। डीएफसीसी के जीएम, इलेक्ट्रिकल, एके मौर्या के मुताबिक खुर्जा और भादन के बीच ऐसे 5 सब स्टेशन फ्रांसीसी कंपनी एल्सटॉम ने चीन से आयात कर लगाए हैं। अन्य सेक्शनों पर इस तरह के सबस्टेशन बनाने का काम एल एन्ड टी जैसी कंपनियों को मिला है। जबकि पश्चिमी कॉरिडोर के सबस्टेशन जापानी कंपनियों द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। मौर्या के अनुसार नव स्थापित ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर आम ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर के मुकाबले कम करंट पर 50 गुना ज्यादा पावर देते हैं। पूरे पूर्वी कॉरिडोर पर लुधियाना से कोलकाता तक कुल 30 ऐसे स्टेशन बनने हैं। इसमें 3 फेज की बिजली को 2 फेज में कन्वर्ट करने की क्षमता भी है। इससे गाड़ी जल्दी के साथ ज्यादा स्पीड पर चलती है। पूर्वी कॉरिडोर के हर 80 किमी पर ऐसा एक सब स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। एल्सटॉम के अलावा एल एन्ड टी जैसी अन्य कंपनियां भी कॉरिडोर पर ऐसे सब स्टेशन स्थापित कर रही हैं। ट्रांसफार्मरों के अलावा फ्रेट कॉरिडोर की कैंचियों (टर्न आउट्स) में पहली बार ऐसी तकनीक व उपकरणो का उपयोग किया गया है जिससे मालगाड़ियों को 55 किमी की रफ्तार पर भी आसानी से पटरी बदलकर मेन लाइन से लूप लाइन और लूप लाइन से वापस मेन लाइन में लाया जा सकता है।

संपूर्ण 2800 किलोमीटर के मार्ग को जून 2022 तक पूरा होगा

भारतीय रेलवे के समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) के 40 प्रतिशत भाग को इसी वित्त वर्ष में यातायात के लिए खोल दिया जाएगा जबकि संपूर्ण 2800 किलोमीटर के मार्ग को जून 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। विश्व बैंक एवं जापान सरकार के वित्तीय सहयोग से बनाये जा रहे दोनों डीएफसी आने वाले दिनों में भारत को पांच ट्रिलियन (5000 अरब) डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके लिए परिवहन नेटवर्क की संरचना को उसी गति से विकसित करने की आवश्यकता है। परिवहन अवसंरचना के विकास से उद्योगों, वाणिज्य, निर्यात-आयात संबंधी गतिविधियों में वृद्धि होने से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को दिशा प्रदान होगी। इस खंड में अभी तक 1200 से अधिक मालगाड़ियों का परीक्षण संचालन किया जा चुका है। कोलकाता-दिल्ली रूट पर भारतीय रेलवे एवं डीएफसी के बीच रिकार्ड 20 मालगाड़ियों के इंटरचेंज से सामान्य यातायात संचालन में सुविधा हुई। पूर्वी डीएफसी के 194 किमी. लंबाई वाले भदान-खुर्जा सेक्शन पर 9000 टन भार के साथ प्रथम लंबी एवं हैवी हॉल मालगाड़ियों का संचालन भी किया जा चुका है। पश्चिमी डीएफसी के 306 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित रेवाड़ी मदार-सेक्शन पर भारतीय रेल की मालगाड़ियों का परीक्षण संचालन दिनांक 27 दिसंबर से जारी है जबकि पालनपुर-मदार के 333 किलोमीटर खंड का निर्माण तकरीबन पूरा हो चुका है।

एक नजर

अवैध रूप से हिरासत में नहीं कप्पन, वकील से मिलने में कोई आपत्ति नहीं: यूपी सरकार

नई दिल्ली। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शुक्रवार को केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (केयूडब्ल्यूजे) के उन दावों को नकार दिया जिसमें कहा गया था कि सिद्दीकी कप्पन को अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे मेहता ने मुख्य न्यायाधीश एस.ए. बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष कहा कि कप्पन को गिरफ्तार किया गया था और एक सक्षम अदालत ने उसे रिमांड पर भेजा था। उसकी जमानत पर 9 दिन सुनवाई हुई। मेहता ने जोर देकर कहा कि केयूडब्ल्यूजे को हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस बयान को दर्ज किया कि कप्पन से किसी वकील के मिलने पर न तो उसे कोई आपत्ति है और ना ही अदालत में कप्पन का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकील के वकालतनामा पर हस्ताक्षर कराने की अनुमति देने में। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने केयूडब्ल्यूजे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से कहा, आपका मुवक्किल पत्रकारों का संघ है न कि आरोपी। इसी दौरान मेहता ने सिब्बल के बयानों पर भी आपत्ति जताई कि उनके मुवक्किल को पत्रकार से मिलने नहीं दिया गया।

बिहार: स्कॉर्पियो ने 5 लोगों को रौंदा, 1 की मौत

गोपालगंज । बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारते हुए सड़क के किनारे खड़े तीन लोगों को रौंद दिया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। भोरे के थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने शुक्रवार को बताया कि सुबह भोरेविजयपुर मार्ग पर काली मोड़ के समीप एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग गिर गए। इसके बाद अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने सड़क के किनारे खड़े तीन लोगों को रौंद दिया। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक की मौत हो गई है, जबकि चार लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि दो घायलों को इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। दो अन्य घायलों को स्थानीय रेफरल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान फुलवरिया के अजय कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद स्कॉर्पियो चालक अपना वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने स्कॉर्पियो को जब्त कर लिया है।

फर्जी टीआरपी घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन का मामला दर्ज किया

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उस कथित फर्जी टीआरपी घोटाले के संबंध में धन शोधन का एक मामला दर्ज किया है, जिसकी मुंबई पुलिस जांच कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि केन्द्रीय जांच एजेंसी ने प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआरआर) दाखिल की है, जो पुलिस प्राथमिकी के समान है। ईडी ने अक्टूबर में दाखिल की गई मुंबई पुलिस की प्राथमिकी का अध्ययन करने के बाद यह मामला दर्ज किया है। सूत्रों ने कहा कि ईडी जल्द ही पुलिस प्राथमिकी में नामजद समाचार चैनलों के अधिकारियों और अन्य लोगों को तलब करके उनसे पूछताछ करेगी और उनके बयान दर्ज करेगी।

दरअसल, ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बार्क) ने हंसा रिसर्च ग्रुप के जरिये एक शिकायत दाखिल की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कुछ टीवी चैनल टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट (टीआरपी) से छेड़छाड़ कर रहे हैं। बार्क की इस शिकायत के बाद फर्जी टीआरपी घोटाला सामने आया था। पुलिस ने आरोप लगाया था कि कुछ चैनल टीआरपी बढ़वाने के लिये रिश्वत दे रहे हैं ताकि उनकी विज्ञापन से होने वाली कमाई बढ़ सके। आरोप है कि जिन घरों में टीआरपी को मापने वाले मीटर लगे हुए थे, उन्हें कोई एक चैनल खोले रखने के लिये रिश्वत दी जा रही थी।

मनमोहन की अगुआई में कांग्रेस ने बनाईं तीन समितियां

गुलाम नबी, आनंद शर्मा और थरूर किए गए शामिल

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और अर्थव्यवस्था की मौजूदा स्थिति पर चर्चा करके कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया तय करने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तीन अलगअलग समितियों का गठन किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह इन तीनों समितियों की अध्यक्षता करेंगे। पार्टी में संवाद की कमी का सवाल उठाने वाले पत्र विवाद से जुड़े तीन वरिष्ठ नेताओं गुलाम नबी आजाद, आनंद शर्मा और शशि थरूर को भी इन समितियों में शामिल किया गया है। कांग्रेस में बिहार की हार को लेकर शुरू हुई अंदरूनी खटपट में चर्चासंवाद नहीं किए जाने की बात हाल में कपिल सिब्बल ने प्रमुखता से उठाई थी। अब परोक्ष रूप से इसे साधने की कोशिश शुरू हुई है। अर्थव्यवस्था पर सरकार की नीतियों की मुखर आलोचक

कांग्रेस विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मसलों से निपटने के तौर तरीकों पर भी सवाल उठाती रही है। हालांकि इस क्रम में कुछ बिंदुओं पर पार्टी में मतैक्य का अभाव भी सामने आया है। आरसेप समझौते में भारत के शामिल नहीं होने के कांग्रेस के रुख से अलग आनंद शर्मा ने सरकार के फैसले की आलोचना की। जाहिर तौर पर इन समितियों के गठन से कांग्रेस हाईकमान का मकसद ऐसी स्थितियों से बचना है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बयान जारी कर सोनिया गांधी के इस फैसले की जानकारी दी। आर्थिक मामलों पर बनाई गई समिति में मनमोहन सिंह के साथ पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम, वरिष्ठ नेता मल्किार्जुन खड़गे और दिग्विजय सिंह को रखा गया है। जबकि जयराम रमेश समिति के संयोजक बनाए गए हैं। विदेश मामलों की समिति में मनमोहन के अलावा आनंद शर्मा, शशि थरूर और सप्तगिरि शंका उलाका को शामिल किया गया है। हाईकमान के प्रमुख समर्थक नेताओं में शामिल पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद को इस समिति का संयोजक नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी समिति में मनमोहन सिंह के साथ असंतुष्ट समूह23 नेताओं की अगुआई करने वाले राज्यसभा में नेता विपक्ष गुलाम नबी आजाद को जगह दी गई है। पार्टी की दशा पर चिंता जाहिर करने वाले वरिष्ठ नेता वीरप्पा मोइली और पुडुचेरी के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा सदस्य वी. वैथलिंगम इसके सदस्य हैं तो मेघालय से सांसद विसेंट एच. पाला को इसका संयोजक बनाया गया है। वेणुगोपाल के अनुसार, तीनों समितियां इन विषयों से जुड़े मुद्दों और नीतियों पर चर्चा करके अपने निष्कर्षों को कांग्रेस अध्यक्ष से साझा करती रहेंगी।

ड्यूटी पर सरकारी कर्मचारी हुआ कोरोना पॉजिटिव तो मिलेगी 30 दिन की छुट्टी

(विशेष संवाददाता)

जयपुर । राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों के लिए कोविड के दौर में अशोक गहलोत सरकार ने एक राहत दी है। जी हां, यदि ड्यूटी के दौरान सरकारी कर्मचारी कोरोना संक्रमित होता है तो उसे अधिकतम 30 दिन का अवकाश दिया जा सकेगा।

इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। हैल्थ केयर वर्कर व कोरोना की रोकथाम के लिए ड्यूटी पर कार्य करते हुए राज्य कर्मचारियों के संक्रमित होने पर उनकी चिकित्सकीय उपचार की अवधि अधिकतम 30 दिन हो सकेगी। संबंधित चिकित्सा प्रभारी अधिकारी के चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर नियंत्रण अधिकारी विशेष अवकाश स्वीकृत कर सकेंगे। रोजाना बढ़ रहे मामले, जयपुर में एक बार फिर 500 से ज्यादा पॉजिटिव केस बता दें राजस्थान में

एक बार कोरोना के आंकड़ें लगातार बढ़ रहे हैं। वहीं, जयपुर में कल शाम को आई कोरोना रिपोर्ट में एक बार फिर 500 से ज्यादा पॉजिटिव मामले सामने आए है। गुरुवार को कोरोना के 2549 पॉजिटिव केस थे, जिनमें से जयपुर में 519 लोग है। जबकि 15 लोगों की मौत भी हुई है। माना जा रहा है कि फेस्टिवल सीजन और अब शादी का सीजन आ रहा है, ऐसे में मरीजों की संख्या और बढ़ सकती है।

IAS अधिकारी टीना डाबी और अतहर खान लेने जा रहे हैं तलाक, कोर्ट में दायर की अर्जी

जयपुर । संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा की 2015 बैच की टॉपर आईएएस अधिकारी टीना डाबी और उनके पति अतहर खान ने तलाक के लिए अर्जी दी है। दोनों ने जयपुर की एक पारिवारिक अदालत में आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है। टीना डाबी और अतहर खान ने आईएएस अधिकारी बनने के बाद साल 2018 में शादी की थी। कश्मीर से आने वाले अतहर खान ने यूपीएससी की परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की थी तो वहीं, टीना डाबी ने परीक्षा को टॉप किया था। दोनों की शादी ने सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बंटोरी थीं। माना जाता है कि आईएएस अधिकारी टीना डाबी और अतहर खान ट्रेनिंग के दौरान एक दूसरे के करीब आए थे, जिसके कुछ समय बाद दोनों ने ही शादी कर ली थी। टीना और अतहर दोनों ही राजस्थान काडर के अधिकारी हैं और जयपुर में पोस्टेड हैं। टीना डाबी ने सिर्फ यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में ही नहीं, बल्कि उसके बाद होने वाली आईएएस ट्रेनिंग में भी उन्होंने पहली रैंक हासिल की थी। इसके लिए उन्हें प्रेजिडेंट ऑफ इंडिया गोल्ड मेडल से नवाजा गया था। टीना डाबी और रनरअप अतहर दोनों ने कश्मीर के पहलगाम की खूबसूरत वादियों में शादी की थी। दोनों एकदूसरे को शादी करने से पहले तीन साल से डेट कर रहे थे। वहीं, टीना डाबी ने सबसे पहले फेसबुक पेज पर अतहर के साथ रिलेशनशिप में होने की जानकारी दी थी, तब उनके फेसबुक वॉल पर बधाई संदेशों की बाढ़ आ गई थी। टीना डाबी ने अतहर के साथ बक्सर में ली गई एक फोटो शेयर करते हुए अपना रिलेशनशिप स्टेटस अपडेट किया था।

इस पर उनकी तस्वीर को 10 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया था। आईएएस अधिकारी बनने के बाद टीना डाबी कई बार सुर्खियों में आ चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने उनके नाम से फेसबुक आईडी चलाने को लेकर पुलिस में एक मामला दर्ज करवाया था।

बाल अधिकारों को जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन रणनीतियों से जोड़ा जाना चाहिए

(विशेष संवाददाता)

नई दिल्ली, 20 नवंबर । उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को कहा कि बाल अधिकारों को प्रमुख राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन रणनीतियों, नीतियों और योजना दस्तावेजों से जोड़ा जाना चाहिए। 'पार्लियामेंटरियन्स ग्रुप ऑफ चिल्ड्रन' और यूनिसेफ द्वारा विश्व बाल दिवस के अवसर पर आयोजित 'बच्चों के साथ जलवायु संसद' विषयक ऑनलाइन वेबिनार को संबोधित करते हुए नायडू ने जलवायु परिवर्तन के विचार विमर्श में बच्चों को शामिल करने की वकालत की।

उन्होंने स्कूलों और जमीनी स्तर पर जलवायु परिवर्तन, उसके प्रभावों के बारे में जागरुकता लाने की जरूरत बताई ताकि बच्चों को बदलाव का अग्रदूत और भविष्य के बदलाव का नेतृत्व करने वाला बनाया जा सके। नायडू ने कहा, ''बाल अधिकारों को प्रमुख राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और अनुकूलन रणनीतियों, नीतियों तथा योजना दस्तावेजों से जोड़ा जाना चाहिए। जलवायु परिवर्तन पर हमारी कार्रवाई में 'बाल केंद्रित' सोच अपनाने की जरूरत है।'' उप राष्ट्रपति ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के आंकड़े रखते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से हर साल लाखों लोगों की जान जा सकती है और इनमें बच्चे अधिक संख्या में हो सकते हैं जो बीमारी और कुपोषणा के प्रति संवेदनशील होते हैं। उन्होंने चेताया, ''बच्चे (014 साल) दुनिया की आबादी के एक चैथाई हैं और वे जलवायु परिवर्तन से प्रभावित होने वाले सबसे बड़े और संवेदनशील समूह हैं।''

गर्मी के कुप्रभावों और मच्छरों आदि से होने वाली बीमारियों में वृद्धि जैसे ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के संदर्भ में उप राष्ट्रपति ने कहा कि बदलती जलवायु दुनिया की खाद्य सुरक्षा को भी खतरे में डाल देगी और इससे भूख तथा कुपोषण बढ़ेगा। बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय कोरोना संकट से और मजबूत होकर निकलेगा: कोविंद

नई दिल्ली, 20 नवंबर । राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को उम्मीद जतायी कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कोरोना वायरस महामारी का समाधान खोजने के बहुत करीब है और वह इस संकट से और मजबूत होकर निकलेगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति कोविंद ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड19 महामारी के मद्देनजर मानव जाति का सामूहिक स्वास्थ्य और आर्थिक कल्याण सुनिश्चित करने के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ाना जरूरी हो गया है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में कहा गया, ''राष्ट्रपति ने उम्मीद जतायी कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय महामारी का समाधान खोजने के बहुत करीब है और वह इस संकट से और अधिक मजबूत होकर उभरेगा।'' कोविंद ने एक ऑनलाइन कार्यक्रम में, हंगरी के राजदूत अंद्रास लाज्लो किराली, मालदीव के उच्चायुक्त हुसैन नियाज, चाड के राजदूत सोंगुई अहमद और ताजिकिस्तान के राजदूत लुकमान के परिचय पत्र स्वीकार किये। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने इस अवसर पर राजदूतों को उनकी नियुक्ति पर अपनी शुभकामनाएं दीं। इसमें कहा

गया है कि भारत के सभी चार देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और संबंधों का आधार शांति तथा समृद्धि की साझा दृष्टि में है। बयान में कहा गया है कि कोविंद ने 2021-22 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गैरस्थायी सीट के लिए भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए उनकी सरकारों को धन्यवाद दिया।

प्रियंका ने प्रतापगढ़ में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया

नई दिल्ली, 20 नवंबर (वेबवार्ता)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में हुए भीषण सड़क हादसे पर शुक्रवार को दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका ने फेसबुक पोस्ट में कहा, '' उप्र के प्रतापगढ़ में हुए हृदय विदारक हादसे के बारे में सुनकर मन आहत हुआ है। बारात से लौटते वक्त एक दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में बच्चों सहित 14 लोगों की मृत्यु हो गई।'' उन्होंने कहा, ''पीड़ित परिवारों की व्यथा के बारे में सोचकर मेरा मन बहुत दुखी है। मैं सबके लिए प्रार्थना करती हूं। भगवान उन्हें यह दुख सहने की शक्ति दें।'' गौरतलब है कि प्रतापगढ़ जिले के देशराज इनारा के पास बृहस्पतिवार देर रात भीषण सड़क हादसे में छह बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब सत्तर

किलोमीटर दूर प्रयागराजलखनऊ राजमार्ग पर थाना मानिकपुर अंतर्गत देशराज इनारा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। हादसे में बोलेरो में सवार छह बच्चों सहित चैदह लोगों की मौत हो गयी।

16 थानों में चार घंटे तक चला बेटियों का हुक्म

हेलमेट और मास्क न लगाने वालों का काटा चालान

(विशेष संवाददाता)

रामपुर ।। रामपुर जिले के सभी 16 थानों की कमान शुक्रवार को एक बार फिर मेधावी बेटियों के हाथों में दी गई। शासन के आदेश पर उन्हें चार घंटे का थानों का प्रभारी बनाया गया है। इस दौरान थानों में मेधावी बेटियों का हुक्म चला। प्रभारी बनकर बेटियों ने फरियादें सुनीं और वाहन चेकिंग कर बिना हेलमेट और बिना मास्क वाहन चलाने वालों का चालान काटकर मौके पर ही जुर्माना भी वसूला। प्रदेश सरकार मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराया जा रहा है। जनपद में कुछ रोज पहले टॉपर बेटियों को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक समेत समस्त विभागों के अधिकारियों की कुर्सी पर बैठाया गया था। बेटियों को न सिर्फ कुर्सी दी गई थी बल्कि सभी अधिकार भी दिए गए थे। इसके

अगले दिन जनपद में पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानों में प्रभारी और दरोगा भी बेटियों को बनाया था। थाना प्रभारी बनाने का संदेश शासन तक गया था, जो पसंद किया गया। अब शासन ने प्रदेश भर में शुक्रवार को थानों की कमान चार घंटे तक बेटियों को देने का निर्णय लिया। शासन के आदेश पर अंतरराष्ट्रीय बाल अधिकार दिवस पर शुक्रवार को मिशन शक्ति के तहत जनपद के समस्त थानों का प्रभारी बनाने के लिए मेधावी बेटियों का चयन किया गया। इसमें स्कूलों की टॉपर छात्राओं को चुना गया। उन्हें सूचना दी गई और शुक्रवार को थाना प्रभारी की कार उन्हें लेने घर पहुंची। जनपद के सभी 16 थानों में ठीक 10 बजे थाने का कार्यभार संभाला और दो बजे तक उनका ही हुक्म चला। इस दौरान थानों में होने वाले सभी काम उनके आदेश या उनकी सहमति से किए गए। सिविल लाइंस में ग्रीववुड की टॉपर छात्रा इकरा बी को प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी दुर्गा सिंह ने उन्हें थाने का भ्रमण कराया और जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक शगुन गौतम भी सिविल लाइंस थाने पहुंचे और इकरा बी को पुलिस के कामकाज की जानकारी दी। फरियादें भी सुनीं और संबंधित को निस्तारण के निर्देश भी दिए। शहर कोतवाली में इजा और गंज कोतवाली में मीना कुमार को थाना प्रभारी बनाया गया। बाद में सभी ने सड़कों पर वाहन चेकिंग भी की और चालान काटकर जुर्माना भी वसूल किया। सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल से कक्षा 12 की छात्रा इकरा बी पुत्री आसिम खान को थाने सिविल लाइंस थाने का प्रभारी बनाया गया। राजकीय खुर्शीद कन्या इण्टर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा इजा पुत्री इरफान को थाना प्रभारी कोतवाली बनाया गया। राजकीय राजकीय रजा पीजी कॉलेज की बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा मीना कुमारी पुत्री रमेश सिंह को प्रभारी थाना गंज बनाया गया। राजकीय इण्टर कॉलेज पहाड़ी गेट की कक्षा 12 की छात्रा सिरीन पुत्री मौहम्मद अकरम अंसारी को महिला थाना प्रभारी बनाया गया। कृष्णा कॉलेज बिजनौर की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा शिवांगी गुप्ता पुत्री अनिल कुमार गुप्ता को स्वार थाना प्रभारी बनाया गया।